आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, शुक्रवार 27 फरवरी 2026
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 105
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2
dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

जनसेवा के पथ पर सृजन का स्वर्णिम सम्मान



पेज-2

शो 'तारा' 10 मार्च से होगा प्रसारित



पेज-5

इंदौर में कैसे चल रहा है हवा में लटकता रेस्टोरेंट



पेज-6

### न्यूज ब्रीफ

- शहबाज शरीफ ने अफगानिस्तान को चेताया, बोले- 'पाकिस्तान किसी भी हमलावर को कुचल सकता है'
- JNU के गिरफ्तार छात्रों की अदालत में पेशी, न्यायिक हिरासत की मांग करेगी दिल्ली पुलिस
- दिल्ली के स्कूलों में दाखिले की प्रक्रिया 2 मार्च से शुरू, नर्सरी/चत्र/कक्षा-1 में करा सकेंगे एडमिशन
- आज DMK में शामिल होंगे तमिलनाडु के पूर्व CM और AIDMK से निष्कासित ओ. पन्नीरसेल्वम : सूत्र
- क्रिकेटर रिंकू सिंह के सिर से उठा पिता का साया, स्टेज-4 लिवर कैंसर से जूझने के बाद निधन
- अफगान सेना ने मार गिराए 55 पाकिस्तानी सैनिक, 'गजब लिल हक' ऑपरेशन से पाकिस्तान ने दिया जवाब
- दिल्ली : प्रोटेस्ट कर रहे JNU के 51 छात्रों को पुलिस ने हिरासत में लिया
- दिल्ली : JNU में UGC रेगुलेशन लागू करने की मांग को लेकर स्टूडेंट यूनियन का प्रोटेस्ट जारी
- राजस्थान में निजी बस ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल ख़त्म

# डीएवीवी में एकेडमिक बेरूखी ?

## कुलपति इवेंट्स और साइकिलिंग में व्यस्त, पढ़ाई-रिसर्च हाशिए पर!



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • शहर के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में इन दिनों शैक्षणिक माहौल को लेकर सवाल उठने लगे हैं। छात्रों और कुछ शिक्षकों का आरोप है कि कुलपति प्रो. राकेश सिंघाई के कार्यकाल में विश्वविद्यालय की अकादमिक छवि कमजोर पड़ती जा रही है। कैंपस में इवेंट्स और प्रचारात्मक गतिविधियों की भरमार है, लेकिन पढ़ाई, परीक्षा प्रबंधन और रिसर्च को लेकर ठोस पहल नजर नहीं आ रही।

### रिसर्च के नाम पर आंकड़ों की बाजीगरी ?

शोधार्थियों का आरोप है कि रिसर्च प्रोजेक्ट्स और पब्लिकेशन के आंकड़े तो पेश किए जाते हैं, लेकिन नई रिसर्च ग्रांट्स लाने और उद्योग-अकादमिक सहयोग बढ़ाने में ठोस परिणाम नहीं दिख रहे। कई पीएचडी स्कॉलर्स को गाइड और फंडिंग संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### क्लास कम, कार्यक्रम ज्यादा ?

*छात्रों का कहना है कि विभागों में नियमित कक्षाओं की मॉनिटरिंग कमजोर हुई है। कई कोर्सेस में गेस्ट फैकल्टी के भरोसे पढ़ाई चल रही है। सेमेस्टर कैलेंडर बार-बार खिसकने से विद्यार्थियों का शैक्षणिक सत्र प्रभावित हो रहा है। एक छात्र नेता ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, 'कैंपस में साइकिल रैली और इवेंट्स की तस्वीरें ज्यादा दिखती हैं, लेकिन लैब और लाइब्रेरी की हालत पर ध्यान कम है।*

### प्रशासनिक फैसलों पर भी सवाल

कुछ फैकल्टी सदस्यों का कहना है कि महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियों और समितियों के गठन में पारदर्शिता की कमी रही है। वहीं परीक्षा परिणामों में देरी और तकनीकी खामियों ने विश्वविद्यालय की साख को चोट पहुंचाई है।

यह कुलपति राकेश सिंघई के गलत निर्णयों का ही परिणाम है कि शहर के प्रतिष्ठित माने जानेवाले डीएवीवी में बीते एक साल से हॉस्टलों का माहौल सवालों के घेरे में है। रैगिंग और जूनियर छात्रों के साथ दुर्व्यवहार और अब तो यौन शोषण की शिकायतों में बढ़ोतरी ने विश्वविद्यालय प्रशासन की कार्यशैली पर उंगली उठा दी है।

छात्र संगठनों का आरोप है कि यह सब कुलपति स्तर पर मॉनिटरिंग और सख्ती की कमी का नतीजा है।

### हॉस्टल में डर का माहौल ?

नए प्रवेश लेने वाले छात्रों और उनके अभिभावकों में असुरक्षा की भावना बढ़ी है। कुछ मामलों में रात के समय जबरन परिचय, मानसिक दबाव और अभद्र व्यवहार की शिकायतें सामने आई हैं। हालांकि कई छात्र खुलकर सामने आने से बच रहे हैं।

एक प्रथम वर्ष के छात्र ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, 'हमें कहा जाता है कि शिकायत मत करो, वरना आगे और परेशान किया जाएगा।'

जब हमने कुलपति से पक्ष जानने के लिए इस नंबर 9406540888 पर कॉल किए तो उन्होंने फोन ही रिसीव नहीं किए।

# राहुल गांधी के दौरे से प्रदेश में कांग्रेस को मिली संजीवनी, भीड़ देख उत्साहित हो गया संगठन

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • पिछले चार माह में तीन बार मध्य प्रदेश के दौरे पर आए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कांग्रेस संगठन में जान भर दी है। राहुल की मौजूदगी में मंगलवार को भोपाल में हुई किसान महाचौपाल में जुटी भीड़ को कांग्रेस संगठन की संजीवनी मान रही है।

इससे बेहद उत्साहित पार्टीजन इसे संगठन सृजन अभियान की सफलता भी मान रहे हैं और इसकी कड़ी में मिशन 2028 (विधानसभा चुनाव) की तैयारी को तेज करने का निर्णय लिया है। साफ है कि पार्टी राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ सदन से सड़क तक लड़ाई और तेज करेगी।

मध्य प्रदेश में 15 महीनों को छोड़कर लगभग 22 वर्षों से कांग्रेस सत्ता का वनवास भोग रही है। पिछले महीने जनवरी में इंदौर के भागीरथपुरा पेयजल कांड के पीड़ितों से मुलाकात और अब भोपाल में किसानों के मुद्दों को उठाकर कांग्रेस ने स्पष्ट कर दिया है कि वह आक्रामक विपक्ष की भूमिका में है।



पार्टी को मिल रहे इस जनसमर्थन को उसके आंतरिक 'संगठन सृजन अभियान' की सफलता से जोड़कर देखा जा रहा है। इस अभियान ने पार्टी को प्रदेश में मजबूती दी है। यही वजह है कि राहुल गांधी के भोपाल प्रवास की सूचना 20 फरवरी को आई और संगठन ने 24 फरवरी को किसान महाचौपाल का आयोजन कर लिया। उल्लेखनीय है कि प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया ने वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव से पहले मध्य प्रदेश में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने का प्रयास किया था। उस समय कांग्रेस को इसका लाभ भी मिला था और 2018 में 15 महीने के लिए उसकी सरकार बनी। बाद में फिर वही स्थिति लौट आई, लेकिन पिछले कुछ समय से संगठनात्मक अभियानों और राहुल के हाल के दौरों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नया जोश भर दिया है।

### पचमढ़ी चिंतन शिविर में भी आए थे राहुल गांधी

प्रदेश में उनके कार्यक्रमों के दौरान उमड़ी भीड़ को पार्टी के पुनर्जीवन के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल, पचमढ़ी चिंतन शिविर में राहुल गांधी जिलाध्यक्षों के प्रशिक्षण पर आए थे, तब उन्होंने पार्टी नेताओं को गांधी की राह पर चलकर संगठन को मजबूत करने का संकल्प दिलाया था। उन्होंने कहा था कि गांधी ने जिस तरह अहिंसा की लड़ाई लड़ी, उसी तर्ज पर कांग्रेस को भी यह लड़ाई लड़ना पड़ेगी। गांधी की तरह ही डंडे खाने के लिए तैयार रहना होगा। पार्टी नेताओं का मानना है कि इसी राह पर कांग्रेस अब सत्ता में वापसी का मार्ग आसान करेगी।

# 'अंडरग्राउंड विधायक' की एंट्री, 51 दिन बाद शक्ति प्रदर्शन

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • मूसा गैंग की कथित धमकी का हवाला देकर अंडरग्राउंड रहे मऊगंज के भाजपा विधायक प्रदीप पटेल 51 दिन बाद बुधवार को अपने क्षेत्र में दिखाई दिए। विधायक ने शक्ति प्रदर्शन कर बड़े काफिले के साथ मऊगंज में प्रवेश किया। वे कुछ समय मऊगंज में रुके फिर हनुमना के सलैया गांव में राज्यपाल के कार्यक्रम में शामिल होने हेतु रवाना हो गए। इसके बाद सायं तक समर्थकों के साथ क्षेत्र में ही रहे और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस बीच चर्चा है कि जिस मूसा गैंग का हवाला देकर उन्होंने सरकार से प्रशासन तक को हिला रखा, एकाएक कैसे वापसी की। जबकि कथित मूसा गैंग को पकड़ना तो दूर पुलिस अस्तित्व को ही नकार रही है। विधायक प्रदीप पटेल ने जिस मूसा गैंग से जान का भय बताया और वे लंबे समय तक क्षेत्र से गायब रहे।

### सीएम से मिलकर बताया था जान का खतरा

मालूम हो, 5 जनवरी से विधायक लगातार क्षेत्र से गायब थे। विधायक ने आरोप लगाया था कि मऊगंज में अपराधियों की मूसा गैंग सक्रिय है, उसने कई बार हमले का प्रयास किया है और जान से मारने की धमकी भी दी है। यहां तक कि पटेल ने सीएम से भी मिलकर सुरक्षा की मांग की थी। हालांकि, पुलिस ने इस गैंग के अस्तित्व से इनकार किया, जिसके बाद से विधायक पर सवाल उठ रहे थे। विपक्ष भी उन पर हमलावर था और पुलिस को ज्ञापन देकर विधायक की तलाश करने की मांग उठाई।

### सीतलामाता बाजार में नए यातायात नियम लागू

# दुकानदारों पर भी पार्किंग प्रतिबंध ठेले और ई-रिक्शा प्रवेश पर रोक

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • शहर के सबसे पुराने बाजारों में शामिल सीतलामाता बाजार में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए व्यापारियों ने स्वयं पहल की है। कपड़ों के इस व्यस्त बाजार में ट्रैफिक जाम की समस्या को देखते हुए व्यापारी एसोसिएशन ने नए नियम लागू कर दिए हैं।

बीते महीनों में यातायात पुलिस और व्यापारियों के बीच बैठक हुई थी। मुख्य सड़क पर बार-बार लगने वाले जाम को लेकर दुकानदारों ने शिकायत दर्ज कराई थी। जाम का कारण ठेलों और खड़ी रहने वाली ई-रिक्शा को बताया गया था। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देते हुए व्यापारियों से सहयोग मांगा था। सीतलामाता बाजार व्यापारी एसोसिएशन की अध्यक्ष हेमा पंजवानी के अनुसार अब बाजार में एसोसिएशन की ओर से महिला और पुरुष गार्ड तैनात कर दिए गए हैं। गौराकुंड और सांठा बाजार की ओर से आने वाले दोनों सिरों पर गार्ड तैनात किए गए हैं। इन गार्डों द्वारा बाजार में ठेलों के प्रवेश पर रोक लगाई जा रही है। साथ ही ई-रिक्शा और रिक्शा को भी बिना सवारी प्रवेश नहीं मिलेगा। जिन रिक्शा में सवारी होगी, उन्हें प्रवेश तो दिया जाएगा, लेकिन वे बाजार में खड़ी नहीं हो सकेंगी।

अब बाजार में व्यापारियों के लिए भी पार्किंग के नियम लागू किए जा रहे हैं। मुख्य सड़क पर सफेद लाइन से चिह्नित पार्किंग स्थान ग्राहकों के लिए आरक्षित रहेंगे।

# कश्मीर का बजट तुम्हारी आईएमएफ भीख से ज्यादा...

### भारत की बेटी ने यूएन में पाकिस्तान को धो डाला

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 55वें सत्र में पाकिस्तान ने हमेशा की तरह कश्मीर का राग अलापने की कोशिश की, लेकिन भारत की डिप्लोमैट अनुपमा सिंह ने उसे ऐसे धोया कि पूरी दुनिया देखती रह गई। उन्होंने दो-टूक शब्दों में कहा कि पाकिस्तान 'ला-ला लैंड' यानी खयाली दुनिया में जी रहा है। अनुपमा सिंह ने पाकिस्तान को आईना दिखाते हुए उसकी बोलती बंद कर दी। उन्होंने न केवल पाकिस्तान के प्रोपेगेंडा को ध्वस्त किया, बल्कि उसकी कंगाली और जम्मू-कश्मीर की खुशहाली के बीच का वह अंतर भी दुनिया को बताया, जो पाकिस्तान के लिए किसी मिर्ची से कम नहीं लगेगा। अनुपमा सिंह ने पाकिस्तान की



आर्थिक बदहाली पर सीधा प्रहार करते हुए कहा, 'शायद पाकिस्तान को यह यकीन करना मुश्किल लग रहा है कि अकेले जम्मू-कश्मीर का विकास बजट, उस पूरे बेलआउट पैकेज से दोगुने से भी ज्यादा है, जिसके लिए पाकिस्तान दुनिया के सामने झोली फैलाकर खड़ा है।' उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान को दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल चिनाब ब्रिज फेक लगता है, तो साफ है कि वह हकीकत से कोसों दूर किसी काल्पनिक दुनिया में जी रहा है।

### मौसम : रात के तापमान में उतार-चढ़ाव

# प्रदेश में अप्रैल जैसी गर्मी 2 मार्च से नया सिस्टम बनेगा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • आंधी-बारिश और ओले का दौर थमने के बाद मध्य प्रदेश में अप्रैल जैसी गर्मी पड़ रही है। गुरुवार को कई शहरों में दिन का तापमान 35 डिग्री के पार पहुंच गया। वहीं, रात में 17 डिग्री से ज्यादा है। कुछ शहरों में ठंड का असर भी है। मौसम विभाग ने 2 मार्च से वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के एक्टिव होने के आसार जताए हैं।

वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर एमपी में भी देखने को मिल सकता है। उत्तरी हिस्से के कुछ जिलों में बारिश होने के आसार हैं। दूसरी ओर, देश के पश्चिमी हिस्से में तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) एक्टिव है, लेकिन इनका असर एमपी में नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार, पूर्वोत्तर भारत के ऊपर समुद्र तल से 12.6 किलोमीटर की ऊंचाई पर करीब 176 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से जेट स्ट्रीम हवाएं भी चल रही हैं। इसका उत्तरी हिस्से में असर है। इस वजह से पारा 30 डिग्री से नीचे हैं, लेकिन भोपाल, इंदौर, उज्जैन और जबलपुर संभाग के ज्यादातर जिलों में तापमान 30 से 34 डिग्री के बीच ही बना हुआ है। गुरुवार को खंडवा और खरगोन में तापमान 35.2 डिग्री तक पहुंच गया। भोपाल में 32 डिग्री, इंदौर में 33.1 डिग्री, ग्वालियर में 32.6 डिग्री, उज्जैन में 33 डिग्री और जबलपुर में 31.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश के 30 से ज्यादा जिलों में पारा 30 डिग्री के पार ही रहा। बता दें कि इस बार फरवरी में मौसम का मिजाज चार बार बदला है।

**मुद्दा** एमपी विधानसभा में सवाल, सभी की कॉपी मांगी

# एसडीएम क्या बना रहे फर्जी जाति प्रमाण-पत्र?

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • शहर के एसडीएम घनश्याम धनगर पर फर्जी जाति प्रमाणपत्र जारी करने के गंभीर आरोप लगे हैं। विधायक डॉ. हीरालाल अलावा ने विधानसभा में यह मुद्दा उठाते हुए सभी जारी प्रमाणपत्रों की जांच और प्रतियों की मांग की है। इंदौर के एक एसडीएम को लेकर एमपी विधानसभा में सवाल खड़ा हो गया है। इन पर विधायक ने आशंका जताई है कि यह फर्जी जाति प्रमाणपत्र बना रहे हैं। विधायक के पास कुछ ऐसे प्रमाणपत्र और इसकी शिकायत पहुंची थी कि यह पैसे लेकर बनाए गए हैं। मनावर के आदिवासी विधायक डॉ. हीरालाल अलावा ने इस मामले पर सवाल उठाया है। यह सवाल एसडीएम



जूनी इंदौर घनश्याम धनगर से जुड़ा है। विधायक ने इस संबंध में सीधे सीएम मोहन यादव से ही विधानसभा में सवाल पूछा है। उन्होंने जानकारी मांगी है कि एसडीएम धनगर ने इंदौर व अन्य जिलों में कब से कब तक एसडीएम पद संभाला है। साथ ही, उन्होंने अपनी नियुक्ति से अब तक कितने जाति प्रमाणपत्र जारी किए हैं। विधायक ने इन सभी जाति प्रमाणपत्रों की कॉपी मांगी है। साथ ही पूछा है कि क्या एसडीएम धनगर ने इन्हें जारी करते हुए साल 1950 के क्राइटेरिया का पालन किया या नहीं। विधायक ने विस्तार से इस पर जानकारी मांगी है।

**सीएम ने यह दिया आश्वासन**-सीएम मोहन यादव ने इस संबंध में विधानसभा में विधायक अलावा को आश्वासन दिया है। सीएम ने कहा कि वह इसकी जानकारी एकत्र कर रहे हैं। जानकारी जमा होने के बाद यह विधायक को दी जाएगी।

**एसडीएम क्या बोल रहे हैं**- वहीं इस मामले में एसडीएम ने कहा कि संबंधित प्रमाणपत्र सामने आए तो इसकी जांच करा लेंगे। प्रमाणपत्र बनाने में पूरी सतर्कता बरती जाती है। इसके लिए काफी सख्त नियम हैं।

### क्या बोले विधायक अलावा, क्यों लगाया सवाल

विधायक अलावा से द सूत्र ने सीधी बात की और पूछा कि आखिर उन्होंने यह सवाल क्यों उठाया है। इस पर उन्होंने बताया कि उनके पास एसडीएम से जुड़ी कई शिकायतें आई थीं। अलावा ने बताया कि एसडीएम ने एक बच्ची, रिया कुमारी का आदिवासी (एसटी) प्रमाणपत्र बनाया था। इसके आधार पर उसका नीट में चयन हुआ और इंदौर मेडिकल कॉलेज में दाखिला मिला था। वहीं, जब वहां जांच हुई, तो प्रमाणपत्र गलत पाया गया था। यही नहीं, उसी लड़की का बाहर राज्य में ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) का प्रमाणपत्र भी बना हुआ था। इसके अलावा और भी कुछ शिकायतें आई थीं। इसी वजह से हमने सरकार से एसडीएम के जरिए जारी किए गए सभी प्रमाणपत्रों की जानकारी मांगी है।

### मैनेजमेंट से कहा-बोर्ड एग्जाम चल रहे

# टीआई ने नोज क्लब में डीजे बंद कराया

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • अपोलो हाई स्ट्रीट बिल्डिंग के टॉप फ्लोर के नोज क्लब में गुरुवार रात 11 बजे लसूड़िया टीआई तारेश सोनी अपनी टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने क्लब में चल रहे डीजे सिस्टम को बंद कराया और वहां मौजूद लोगों को घर जाने के निर्देश दिए।

टीआई ने क्लब प्रबंधन को बताया कि तेज आवाज में साउंड चलाने की निर्धारित समय सीमा रात 10:30 बजे तक है। इसके बावजूद रात 11 बजे तक तेज आवाज में डीजे चल रहा था, जो नियमों का उल्लंघन है। टीआई तारेश सोनी ने कहा कि इस समय



बच्चों की बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं। तेज आवाज का साउंड आसपास के घरों और कॉलोनियों तक पहुंच रहा है, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। पुलिस ने क्लब के मैनेजर को सख्त चेतावनी दी कि भविष्य में नियमों का उल्लंघन करने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पहले भी सामने आ चुके हैं ऐसे मामले नोज क्लब और आसपास के अन्य क्लबों में देर रात तक तेज आवाज में साउंड चलने की शिकायतें मिलती रही हैं। करीब सात दिन पहले भी रात 12 बजे तक तेज साउंड चलने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इससे पहले भी पुलिस द्वारा होटल, गार्डन और क्लब संचालकों को गाइडलाइन का पालन करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। इसके बावजूद नियमों का उल्लंघन होने पर पुलिस को मौके पर पहुंचकर साउंड बंद कराना पड़ रहा है।

# हमारे महापुरुषों ने संगठन भाव से संगठन को गढ़ने का काम किया - सुमित्रा महाजन

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान को लेकर भाजपा की नगर कार्यशाला सम्पन्न

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● आज विट्ठल रुक्मणी गार्डन, केसर बाग रोड पर भाजपा इंदौर नगर द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान की नगर कार्यशाला पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन, प्रदेश उपाध्यक्ष व संभाग प्रभारी रणवीरसिंह रावत, प्रदेश मंत्री राजेंद्र सिंह, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, नगर प्रभारी राजेश सिंह सोलंकी, दिलीप पटौदिया, अनंत पंवार की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

उद्घाटन सत्र को पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण बहुत जरूरी है। हम भाजपा के कार्यकर्ता है, हमें इतिहास पढ़ते रहना चाहिए, ये हमारी पार्टी है, इसका चयन हमने किया है, इसलिए हमारे महापुरुषों का संघर्ष, त्याग और उनकी तपस्या के बारे में हमें पता होना चाहिए। हमारे पूर्वज पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने बलिदान से इस पार्टी को सीचने का काम किया है। उन्होंने संगठन के प्रति भाव को जिते हुए अनेकों संघर्षों के बावजूद भी संगठन भाव से संगठन को गढ़ने का काम किया,




उसी भाव को लेकर हमें संगठन को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है, हम सब परिवार भाव से काम करते हुए संगठन के विस्तार में लगे हुए है। इसी परिवार भाव से हम राष्ट्र के निर्माण में भी अपना योगदान दे, लेकिन ये भाव आएगा कहा से यह भाव आएगा प्रशिक्षण से, ये भाव आएगा बार बार अध्ययन करने से इसलिए इस विशिष्ट कार्य पद्धति को कार्यकर्ता पूरे मनोभाव के साथ सीखे, क्योंकि हमें भाजपा को और अधिक सशक्त करना है, भाजपा सशक्त होगी तभी भारत सशक्त राष्ट्र बनेगा। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा भाजपा में कार्यकर्ता का हर स्तर पर प्रशिक्षण होता है। राष्ट्रीय पदाधिकारी से लेकर बूथ पदाधिकारी तक प्रशिक्षण प्राप्त करता। यही कारण है कि हमारा संगठन जैसे जैसे आगे बढ़ रहा है, वैसे वैसे संगठन मजबूत हो रहा है और राष्ट्र की सेवा के लिए सबसे मजबूत संगठन के रूप में खड़ा हो रहा है। द्वितीय सत्र में 'नवाचार' विषय पर प्रदेश मंत्री राजेंद्र सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी से राष्ट्र की एकता अखण्डता, पंडित दीनदयाल जी ने एकात्म मानववाद दर्शन – दरिद्र की सेवा ही नारायण की सेवा, अटल जी ने विषम परिस्थितियों में सबको साथ लेकर चलने का प्रशिक्षण हमें दिया है। हम सौभाग्य सौभाग्यशाली हैं कि हमें कुशाभाऊ ठाकरे का सानिध्य हमें मिला, उनका सम्पूर्ण जीवन प्रशिक्षण की पाठशाला है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नवाचारों के माध्यम से राष्ट्र को सशक्त करने में जुटे है, कार्यकर्ता उनके संकल्पों को पूरा करने में जुट जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### पत्रकार हीरालाल वर्मा पर हुए हमले की सपा नेता ने की कड़ी निंदा की

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर समाचार के वरिष्ठ पत्रकार हीरालाल वर्मा पर हुए प्राण घातक हमले की समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष बटेश्वर नाथ सिंह ने कड़ी निंदा की इंदौर इंदौर समाचार प्रेस के वरिष्ठ पत्रकार हीरालाल वर्मा पर कुछ अज्ञात बदमाशों द्वारा आदि रात को प्राण घातक हमला किया गया जिसकी समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष ने कड़ी निंदा की जिला अध्यक्ष बटेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि जब पत्रकार सुरक्षित नहीं है तो आम आदमी सरकार से क्या उम्मीद करें पत्रकार जो सच्चाई को उजागर करता है उसे पर यह हमला निंदनीय है मेरी मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव से मांग है कि ऐसे अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही करें ताकि दोबारा कोई पत्रकार पर हमला ना हो जब चौथा स्तंभ भी ही खतरे में हो तो जनता तक सच को उजागर कौन करेगा

### भगवान महावीर जन्म कल्याणक 31 को नहीं, 30 को मनाया जाएगा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● प्रतिवर्ष वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महामहोत्सव पुरे भारत में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष तीथी के अनुसार 30 मार्च को मनाया जाएगा। श्रंमण संस्कृति के महामहिम आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी, निर्यापक श्रमण सुधासागर जी एवं शंका समाधान प्रणेता मुनि श्री प्रमाणसागर ने दिया समाज को मार्गदर्शन वर्तमान शासन नायक 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महामहोत्सव प्रति वर्ष अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को पुरे भारत वर्ष में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इस वर्ष तिथि भ्रम के कारण सरकारी कैलेंडर में 31 मार्च की महावीर जन्म कल्याणक घोषित कर 31 मार्च को ही सरकारी अवकाश घोषित किया गया है। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि जैन परम्पराओं, जैन पंचांग एवं जैन आगम एवं कैलेंडरों के अनुसार महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव इस वर्ष सोमवार 30 मार्च को ही पुरे भारत में मनाया जाए ।

### ट्राइडेंट ग्रुप ने 'विकसित भारत मिशन' के तहत देशव्यापी भर्ती अभियान शुरू किया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भारत के प्रमुख औद्योगिक समूहों में से एक, ट्राइडेंट ग्रुप की मुख्य कंपनी ट्राइडेंट लिमिटेड ने एक बड़े भर्ती अभियान की घोषणा की है। कंपनी अपने मैन्युफैक्चरिंग ऑपरेशन्स के लिए 3,000 से अधिक 'कर्मयोगियों' की नियुक्ति करेगी। यह पहल टेक्सटाइल मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में स्किल डेवलपमेंट को बढ़ावा देने और देश में रोज़गार के नए अवसर पैदा करने के राष्ट्रीय लक्ष्य का हिस्सा है। इस घोषणा पर टिप्पणी करते हुए ट्राइडेंट ग्रुप की ग्रुप सीएचआरओ, पूजा बी. लूथरा ने कहा, 'ट्राइडेंट में हमारा यह मानना है कि भारत के औद्योगिक विकास की असली ताकत हमारी प्रतिभाएं हैं।

# ब्राह्मण सेवा संगठन द्वारा सर्व ब्राह्मण परिणय महोत्सव -2026 संपन्न




**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● ब्राह्मण सेवा संगठन के अध्यक्ष पं.सत्येन्द्र शर्मा एवं मीडिया प्रभारी ने बताया कि फुलेरा दूज के पावन अवसर पर ब्राह्मण सेवा संगठन के पं.अनुपम तिवारी, पं.नवीन अग्निहोत्री पं.राकेश तिवारी,पं.ललित शर्मा, पं.राजेन्द्र शर्मा, पं.राजेन्द्र शर्मा कांट्रेक्टर, पं.गौतम मारवाल, पं.अटल शर्मा, पं.पवन मिश्र, पं.शैलेन्द्र सुगंधी, पं.कैलाश व्यास के मार्गदर्शन में सर्व ब्राह्मण परिणय महोत्सव (द्वितीय वर्ष) का सफल आयोजन संपन्न किया गया , जिसके अंतर्गत 15 जोड़ों का सामूहिक विवाह संस्कार संपन्न हुआ । सामूहिक विवाह आयोजन के अंतर्गत, बारात एवं शोभायात्रा निकाली गई, जो एक चल समारोह के रूप में परिवर्तित होकर मधुर मिलन गार्डन पर तोरण परंपरा के द्वारा संपन्न हुई । इस चल समारोह में कई प्रतिष्ठित एवं सुप्रसिद्ध हस्तियों सहित समाजजन एवं शहर के गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए। चल समारोह का भव्य स्वागत किया गया ।बैंड बाजे, डीजे सांउड , ढोल नगाड़ों, घोड़े एवं बग्गीयों से सुसज्जित शोभायात्रा ने दर्शकों का मन मोह लिया।वैदिक परंपरा के अनुसार विधिवत पाणिग्रहण संस्कार संपन्न करते हुए, प्रत्येक जोड़ें को सोने चांदी के 7 आभूषण, एलईडी स्मार्ट टीवी, फ्रिज,वाशिंग मशीन,कूलर,सोफा,पलंग, अलमारी सहित 41 से अधिक गृहस्थ जीवनोपयोगी उपहार एवं अन्य कई उपहार भेंट किये गये । उपहार वितरण की व्यवस्था में पंडित लक्ष्मीनारायण भार्गव, श्रीमती रेणु शर्मा, लक्ष्मी पस्टारिया एवं सहयोगीगण द्वारा दायित्व निर्वहन किया गया।

# मूनलाइट कैफे में बजरंग दल का हंगामा, युवतियों के मोबाइल नंबर सार्वजनिक होने पर उठा विवाद

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शहर में वैलेंटाइन डे को लेकर एक बार फिर विवाद की स्थिति बन गई। भंवरकुआं थाना क्षेत्र अंतर्गत भोलाराम मार्ग स्थित एक कैफे में चल रहे ऑफर को लेकर बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने देर रात जमकर हंगामा किया। सूचना मिलते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और काफी देर तक बहस व नोकझोंक चलती रही।

बजरंग दल के अभिषेक कुशवाहा ने बताया कि भोलाराम स्थित मूनलाइट कैफे में वैलेंटाइन डे के उपलक्ष्य में एक विशेष ऑफर चलाया जा रहा था। ऑफर के तहत ग्राहकों को शायरी लिखने के लिए कहा गया था। बताया गया कि जिस कपल की शायरी सर्वश्रेष्ठ होगी, उसे शहर के मल्टीप्लेक्स — PVR Cinemas और INOX Leisure — की टिकटें मुफ्त दी जाएंगी। इस ऑफर के तहत कई युवतियों ने कागज पर अपना नाम और मोबाइल नंबर लिखकर शायरी प्रस्तुत की और उन पर्चियों को कैफे परिसर में ही लगा दिया गया। बताया जा रहा है कि बजरंग दल को सूचना मिली कि इन पर्चियों पर लिखे हिंदू लड़कियों के नाम और नंबरों की कुछ युवक फोटो और वीडियो बनाकर मोबाइल में सेव कर रहे हैं। सूचना मिलते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और उन्होंने कैफे में हंगामा शुरू कर दिया। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि इस तरह की गतिविधि से युवतियों की निजता और सुरक्षा से समझौता हो सकता है। उन्होंने कैफे के अंदर लगे सभी कागजों को हटवाया और जब्त कर लिया। इस दौरान कैफे संचालक से तीखी बहस भी हुई।

**संचालक का आश्वासन**-काफी देर तक चले विवाद के बाद कैफे संचालक ने कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया कि भविष्य में इस प्रकार का कोई ऑफर या गतिविधि आयोजित नहीं की जाएगी, जिससे किसी भी समुदाय की भावनाएं आहत हों या युवतियों की निजी जानकारी सार्वजनिक हो।

**पुलिस की भूमिका**-घटना की जानकारी मिलते ही भंवरकुआ पुलिस को भी सूचित किया गया। हालांकि मौके पर स्थिति को संभाल लिया गया और कोई बड़ी अप्रिय घटना नहीं हुई। पुलिस द्वारा मामले की जानकारी जुटाई जा रही है।

**क्षेत्र में चर्चा का विषय**-वैलेंटाइन डे को लेकर शहर में हर साल कुछ न कुछ विरोध देखने को मिलता है, लेकिन इस बार मामला युवतियों की निजी जानकारी सार्वजनिक होने के आरोप से जुड़ गया, जिससे मामला संवेदनशील हो गया। फिलहाल स्थिति सामान्य बताई जा रही है, लेकिन घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आयोजनों के दौरान निजी जानकारी की सुरक्षा और सामाजिक संवेदनशीलता का ध्यान किस हद तक रखा जाना चाहिए।

## स्वर्गीय काकोसा हुकुम गोविंद सिंह चौहान की पावन स्मृति में



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● पुत्र श्री गोपाल सिंह चौहान द्वारा ठि पानोड़ में राजपूत धर्मशाला निर्माण हेतु 51,000 की प्रथम पुण्य राशि समर्पित करना अत्यंत प्रेरणादायी एवं अनुकरणीय कार्य है।

यह श्रद्धा, संस्कार और समाज सेवा की भावना से किया गया आपका यह पवित्र योगदान स्वर्गीय काकोसा हुकुम की स्मृतियों को चिरस्थायी बनाते हुए ग्राम एवं समाज में एकता, परंपरा और सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करेगा। इसी क्रम में समाज एवं किसान हित के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाते हुए आपने भारतीय किसान संघ के इंदौर प्रांत कार्यालय निर्माण हेतु 5,100 की सहयोग राशि प्रदान कर संगठनात्मक शक्ति एवं किसान सेवा के प्रति अपना समर्पण भी प्रकट किया है। समाज निर्माण और किसान संगठन सशक्तिकरण — दोनों ही राष्ट्र निर्माण के महत्वपूर्ण आधार हैं। आपके इन दोनों पुण्य कार्यों का महत्व समान रूप से प्रेरणादायी है और निश्चित ही यह सेवा भावना समाज में नई जागृति एवं सहभागिता का मार्ग प्रशस्त करेगी।

## 11 प्रतिष्ठानों की जांच, कुल 37 नमूने लिए गए, एक प्रतिष्ठान में खाद्य कारोबार कराया गया बंद

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा होली पर्व के दृष्टिगत खाद्य पदार्थों की सघन जांच कर मिलावट पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में होली पर्व को देखते हुए जिले में विशेष सघन जांच अभियान निरंतर संचालित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अधिक से अधिक खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के अधिकाधिक नमूने लिए जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया। कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा जिले में प्रभावी कार्रवाई की गई है। इसी क्रम में आज 26 फरवरी को न्यू देवास रोड, मालवा मिल स्थित हक्कूय महिला गृह उद्योग का औचक निरीक्षण किया गया। मौके पर प्रोप्राइटर श्री केतन जैन उपस्थित पाए गए।

## जनगणना के लिए इंदौर जिले में व्यापक तैयारियां

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर जिले में आगामी जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से संपादित करने के उद्देश्य से व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में आज कलेक्टर कार्यालय के सभागृह में जनगणना से जुड़े नगर निगम के झोनल और अन्य अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जनगणना से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम में निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, अपर कलेक्टर श्रीमती निशा डामोर, अपर आयुक्त नगर निगम नरेन्द्र पांडे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## 19 मदिरा समूहों का प्रथम चरण में ई-टेण्डर के माध्यम से किया जायेगा निष्पादन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● वित्तीय वर्ष 2026-27 की सम्पूर्ण अवधि अर्थात के लिए इंदौर जिले के कुल 56 मदिरा एकल समूहों में सम्मिलित 173 कम्पोजिट मदिरा दुकानों में से 19 मदिरा समूहों का बैच-1 प्रथम चरण में ई-टेण्डर के माध्यम से निष्पादन किया जायेगा। मदिरा दुकानों / एकल समूहों के निष्पादन की कार्यवाही जिला निष्पादन समिति द्वारा कलेक्टोरेट इंदौर के सभाकक्ष में की जायेगी। सहायक आबकारी आयुक्त अभिषेक तिवारी ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रथम चरण बैच 1 में ई-टेण्डर हेतु ऑनलाइन टेण्डर प्रपत्र डाउन लोड एवं ऑफर सबमिट करने की तिथि आज से 02 मार्च को दोपहर 02 बजे तक रहेगी। ई-टेण्डर कम ऑक्शन प्रपत्र खोलने की तिथि 02 मार्च को दोपहर 02.05 बजे से रहेगी।

## जनसेवा के पथ पर सृजन का स्वर्णिम सम्मान



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 2 के लोकप्रिय विधायक रमेश मेंदोला को नई दिल्ली में आयोजित एक गरिमामय समारोह में 'एमिनेंस अवॉर्ड' से सम्मानित किए जाने पर क्षेत्र में उत्साह और गौरव का वातावरण है। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के कर-कमलों से उन्हें यह अलंकरण प्रदान किया गया। समारोह में पवन अग्रवाल, अमित मंडलोई एवं धर्मेंद्र सिंह भदौरिया सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रही। साधारण पृष्ठभूमि से सार्वजनिक जीवन की ऊँचाइयों तक पहुँचे मेंदोला के लिए यह सम्मान उनकी दीर्घकालिक जननिष्ठा और विकासोन्मुख कार्यशैली की औपचारिक स्वीकृति माना जा रहा है। क्षेत्र की जनता उन्हें आत्मीयता से 'दादा' कहकर संबोधित करती है, जो उनके प्रति विश्वास और अपनत्व का प्रतीक बन चुका है।

## ग्राम विकास के लिए प्रस्फुटन समितियों की मजबूती आवश्यक - सचिन शिंपी



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत नवांकुर संस्था बिहारीलाल स्वतंत्रता सेनानी बाल विकास समिति के नेतृत्व में उज्जैनी सेक्टर की ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की एक दिवसीय समीक्षा एवं योजना बैठक ग्राम पिवडाय में आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीण विकास की आगामी कार्ययोजनाओं और समितियों की सक्रिय भूमिका पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला समन्वयक श्रीमती ऋतुजा पहाड़े एवं जिला समन्वयक सचिन शिंपी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में शिंपी ने कहा कि प्रस्फुटन समितियां शासन और जनता के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करती हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि समितियों की जिम्मेदारी है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं ग्राम स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचे और प्रत्येक पात्र व्यक्ति को लाभ मिले।

## जायका वित्त पोषित एमपी ट्रांसको परियोजनाओं का निरीक्षण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● जापान इंटरनेशनल को-ऑपरेशन एजेंसी (जायका) के अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि मंडल ने इंदौर में मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) की जायका-2 वित्त पोषित परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। जायका जापान का द्वि-सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल, जिसमें इवैल्यूएटर सुश्री हिसाए ताकाहाशी एवं जायका के भारतीय प्रतिनिधि कुनाल गुप्ता शामिल है। उन्होंने निर्माण कार्यों, उनकी गुणवत्ता, उपयोगिता तथा अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप क्रियान्वयन की बारीकी से जांच-पड़ताल की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने पीथमपुर स्थित 400 केवी सब स्टेशन में जायका द्वारा वित्तपोषित 315 एमवीए क्षमता के ट्रांसफॉर्मर की स्थापना एवं उसकी उपयोगिता संबंधित जानकारी भी प्राप्त की।




## श्रीमती पुष्पा सिंह सहायक शिक्षिका की सेवानिवृत्ति पर कार्यक्रम कर विदाई दी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर/ देपालपुर** ● शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अत्री देवी सुदामा नगर की सहायक शिक्षिका श्रीमती पुष्पा सिंह की सेवानिवृत्ति पर परिवार द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि पूर्व संभाग आयुक्त सुरेश बहादुर सिंह, समाजसेवी मानसिंह जी तोमर, डॉ. संजय सिंह, डॉ. अनुपमा सिंह, अधिवक्ता मनोज शर्मा, प्राचार्य श्रीमती कुसुम सैनी, मायासिंह चौहान आदि थे। सोहनलाल परमार संचालक शिक्षा विभाग पेड़ी इंदौर ने श्रीमती पुष्पा सिंह का शाल, श्रीफल, केसरिया दुपट्टा एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। श्रीमती पुष्पा सिंह ने सेवा भारती को 2100 रुपए की राशि प्रदान की। अतिथियों का स्वागत प्रबलसिंह, प्रत्यूष सिंह, श्रीमती तन्वी सिंह, श्रीमती अंजली सिंह द्वारा किया गया। अतिथियों द्वारा श्रीमती सिंह द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

## ग्रामीण हाट बाजार में दो दिवसीय होली मेला 28 से

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● होली महोत्सव के अवसर पर ग्रामीण स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय हेतू 28 फरवरी एवं 1 मार्च 2026 को ग्रामीण हाट बाजार, ढक्कन वाला कुआं में दो दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत एवं महिला स्व सहायता समूह द्वारा आयोजित इस होली मेले में प्राकृतिक तत्वों से बना हर्बल गुलाल, होली पूजन सामग्री, स्वादिष्ट नमकीन व्यंजन, घरेलू सजावटी सामान, बाग़ प्रिंट (धार) के वस्त्र, झाबुआ के पारम्परिक सजावटी सामान, निमाड़ के विशेष व्यंजन आदि की उपलब्धता रहेगी। नागरिकों से अपील की गई है कि शुद्ध और पारम्परिक उत्पादों का लाभ लेने के लिए मेले में अवश्य आयें।

# ललेडीपुरा माचल में स्लॉटर हाउस बनाने की योजना नहीं

### वर्ष 2017 की परियोजना को महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने रोकने के दिए निर्देश

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● वर्ष 2017 में इंदौर के ललेडीपुरा माचल में स्लॉटर हाउस बनाने को लेकर बार-बार विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने स्पष्ट किया कि नगर निगम की किसी भी योजना में ललेडीपुरा और आसपास के गांवों में स्लॉटर हाउस बनाने का कोई विचार नहीं है।

महापौर ने कहा, हमारे पास स्थानीय गोपालकों और गांववासियों से इस विषय पर जानकारी आई है, और मैं फिर से स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि ललेडीपुरा माचल में स्लॉटर हाउस बनाने की नगर निगम की कोई मंशा नहीं है। महापौर ने यह भी बताया कि उन्होंने इस मुद्दे पर पहले भी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए थे और अब फिर से सभी अधिकारियों को यह निर्देश दिए गए हैं कि इस क्षेत्र में स्लॉटर हाउस का निर्माण नहीं किया जाएगा। महापौर ने आगे कहा, 'वर्ष 2017 में तत्कालीन समय में इस परियोजना को लेकर अनुमति और कार्रवाई की गई थी, लेकिन मैं अब इस निर्णय को निरस्त करने के निर्देश दे चुका हूं।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, शुक्रवार 27 फरवरी 2026

## न्यूज ब्रीफ

### अंजना माता की रसोई में विराजेंगे पितरेश्वर हनुमान, लगेगा 56 पकवानों का भोग

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • पितृ पर्वत स्थित पितरेश्वर हनुमान धाम पर 28 फरवरी को छठवां वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। पितरेश्वर हनुमान जी अंजनी माता की रसोई में विराजकर भक्तों को दर्शन देंगे। हजारों भक्त सैकड़ो दीपों से महाआरती करेंगे। 56 भोग लगेगा, फाग उत्सव भी मनेगा। पितरेश्वर हनुमान धाम सेवा न्यास के आकाश विजयवर्गीय, महेश दलोद्रा ने बताया कि 28 फरवरी को छठवां वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनेगा, मथुरा से आए कलाकारों द्वारा भोग का निर्माण कर बाबा को 56 पकवानों का भोग होगा अर्पित किया जाएगा। पितरेश्वर हनुमान मां अंजना की रसोई में विराजेंगे। भक्तों को हनुमान जी के अलौकिक स्वरूप में दर्शन होंगे। महेश दलोद्रा ने बताया कि शाम से होने वाले वार्षिकोत्सव की शुरुआत साधु-संतों की व विद्वान पंडितों की उपस्थिति में पितृरेश्वर हनुमान जी का पूजन-अर्चन करके होगी। महाआरती होगी, हनुमान चालीसा का पाठ भी होगा।

### भक्ति अडिग और अखंड रहेगी तो रक्षा के लिए भगवान को आना ही पड़ेगा : पं. नागर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • भगवान का अवतरण भक्तों की रक्षा और दुष्टों के नाश के लिए हुआ है। उनकी लीलाओं में प्राणीमात्र के प्रति सदभाव और कल्याण का चिंतन होता है। संसार की दृष्टि से भगवान की लीलाओं का चाहे जो अर्थ-अनर्थ निकाला जाए, यह शाश्वत सत्य है कि यदि हमारी भक्ति अडिग और अखंड रहेगी तो भगवान को रक्षा के लिए आना ही पड़ेगा। भक्ति निष्काम और निर्दोष होना चाहिए। भक्ति मनुष्य को निर्भयता प्रदान करती है। ये दिव्य विचार हैं प्रख्यात भागवत मर्मज्ञ आचार्य पं. ब्रजकिशोर नागर के, जो उन्होंने गुरुवार को धार रोड स्थित धरावरा धाम आश्रम पर महंत शुकदेव दास महाराज के सानिध्य में चल रहे मानस सम्मेलन एवं भागवत ज्ञान यज्ञ में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। कथा में आज गोवर्धन पूजा एवं बाल लीला का उत्सव भी मनाया गया। व्यास पीठ का पूजन नानूराम चौधरी के साथ ललित अग्रवाल, डॉ. सुरेश चोपड़ा, गोपाल गोयल, गोविंद मंगल, अशोक कुमावत, रमेश मिश्रा, सीताराम नरेडी एवं श्रीमती रेखा श्रीकांत शर्मा आदि ने किया। कथा में शुक्रवार को कृष्ण-रुक्मणी विवाह का दिव्य उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। यह अनुष्ठान 28 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 1 से 5 बजे तक जारी रहेगा।

### माहेश्वरी कुटुम्ब की भव्य फाग महोत्सव का पहला न्योता खड़े गणेशजी को समर्पित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • संस्था माहेश्वरी कुटुम्ब की मेजबानी में रविवार एक मार्च को स्कीम 71 स्थित अक्षत गार्डन पर शाम 6 बजे से आयोजित रंगारंग संगीत निशा एवं फाग महोत्सव का पहला न्योता जूनी इंदौर स्थित खड़े गणेशजी को समर्पित किया गया। इस अवसर पर खड़े गणेश को लड्डू प्रसाद का भोग लगाकर उनसे शहर में सुख, शांति एवं सद्भाव के लिए भी प्रार्थना की गई। कार्यक्रम के प्रमुख शारदा प्रकाश अजमेर के साथ इस अवसर पर नीताश्री-मोहन सोमानी, गोपालदास राठी, श्याम भांगडिया, आशीष बाहेती, रुपेश भूतड़ा, बलराम बजाज, कैलाश जाजू, महेश लड्डा, आशीष माहेश्वरी सहित बड़ी संख्या में माहेश्वरी कुटुम्ब से जुड़े सदस्य उपस्थित थे। आरती में सुनील माहेश्वरी, पप्पू सिखची, आशीष माहेश्वरी, राधेश्याम सारडा, अभय डागा, पुरुषोत्तम मानधन्या भी शामिल हुए।

# जहरीली गैस लीक होने से कई लोगों की बिगड़ी तबीयत, अफरा-तफरी का माहौल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • रावजी बाजार इलाके में गुरुवार रात करीब 10 बजे उस समय हड़कंप मच गया, जब एक कबाड़ी की दुकान में रखे सिलेंडर से जहरीली गैस का रिसाव होने लगा। अचानक फैली इस गैस के कारण आसपास रहने वाले लोगों को सांस लेने में परेशानी, घबराहट और उल्टी जैसी दिक्कतें होने लगीं। हालात इतने खराब हो गए कि लोग अपने घरों से बाहर निकल आए और पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया।

### प्राथमिक जांच में क्या सामने आया?

कई लोग मुंह पर कपड़ा और रूमाल बांधकर खुद को गैस के असर से बचाने की कोशिश करते नजर आए। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि रावजी बाजार के कटकटपुरा पुल के नीचे स्थित एक कबाड़ी की दुकान में एक सिलेंडर को काटा जा रहा था। इसी दौरान सिलेंडर के अंदर मौजूद गैस तेजी से बाहर निकलने लगी और देखते ही देखते आसपास के क्षेत्र में फैल गई। बाद में पता चला कि सिलेंडर में अमोनिया गैस भरी हुई थी, जो रिसाव के बाद हवा में फैलकर लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हुई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंच गईं।

फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने सबसे पहले सिलेंडर के वॉल्व को नियंत्रित करने की कोशिश की और इसके बाद पानी का छिड़काव किया गया, ताकि गैस का प्रभाव कम किया जा सके। गैस का असर इतना तीव्र था कि राहत कार्य में जुटे कुछ दमकलकर्मियों को भी सांस लेने में दिक्कत महसूस हुई। हालांकि, समय रहते स्थिति पर काबू पा लिया गया।



### चार से पांच लोगों को भेजा गया अस्पताल

इस घटना में किसी की जान नहीं गई है, लेकिन एहतियात के तौर पर चार से पांच लोगों को अस्पताल भेजा गया, जहां उनका उपचार किया गया। सभी की हालत अब स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने सिलेंडर काट रहे कबाड़ी शहजाद को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। यह भी जांच की जा रही है कि यह सिलेंडर उसे कहां से मिला और उसमें खतरनाक गैस कैसे मौजूद थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। प्रशासन ने फिलहाल इलाके को सुरक्षित घोषित किया है और निगरानी बढ़ा दी गई है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में डर का माहौल है और प्रशासन से सुरक्षा उपायों को और मजबूत करने की मांग की जा रही है।



# श्रीमद् भागवत कथा में तीसरे दिन उमड़े भक्त, नरसिंह अवतार हुआ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • संसार में हर मनुष्य को कर्तव्य करते रहना चाहिए,जिस व्यक्ति के जीवन में परमात्मा का आगमन हो जाता है उसका जीवन सफल हो जाता है,वही व्यक्ति सुखी रहता है जो भगवान के चरणों में रहता है,संसार दुखालय है व्यक्ति का जन्म ही सुख दुख भोगने के लिए होता है,दर्पण में मुख और संसार में सुख होता नही है सिर्फ दिखाई देता है। मन का आनंद परमात्मा के चरणों में है,जो परमात्मा को मना लेता है उसकी बात सब मान लेता है,संसार में कार्य चाहिए तन से सेवा भी करना चाहिए,धन भगवान को इसलिए समर्पित करते है धन शुद्ध हो जाए,हर व्यक्ति को धन का दान जरूर करना चाहिए,भगवान को केवल व्यक्ति का मन चाहिए, मन से परे है भगवान,जीवन में हर व्यक्ति को पवित्र होना चाहिए । यह बाते पंडित नीरज कृष्ण नयन महाराज ने विश्व ब्राह्मण समाज संघ द्वारा ऊषा नगर स्थित उषा राजे परिसर पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कही।

# अग्रवाल सांस्कृतिक मंच का रंगारंग फाग महोत्सव 28 को



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • श्री अग्रवाल सांस्कृतिक मंच नंदानगर के तत्वावधान में रंगारंग फाग महोत्सव का दिव्य आयोजन शनिवार 28 फरवरी को आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव का पहला न्योता गुरुवार को खजराना गणेश एवं कुलदेवी महालक्ष्मी को संस्था के समन्वयक गणेश गोयल, विजय मित्तल, अजय मित्तल एवं सोनू अग्रवाल के मार्गदर्शन में समर्पित किया गया। फाग महोत्सव में अनेक कलाकार होली से जुड़े मधुर गीतों, भजनों एवं संकीर्तन सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देंगे। खजराना गणेश एवं कुलदेवी महालक्ष्मी को निमंत्रण समर्पित करने और महाआरती में संजय अग्रवाल, अश्विन गोयल, सत्यप्रकाश अग्रवाल काका, अरुण गोयल, राकेश अग्रवाल, वीरेन्द्र अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, मनोहर अग्रवाल, अक्षय मित्तल, सुरेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, विनय गुप्ता एवं नागेन्द्र सिंघल सहित मंच के प्रमुख सहयोगी साथी उपस्थित रहे।

# बजरंग दल ने पुलिस कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

### हिंदू उत्सवों के नाम पर अश्लीलता, नशा और अव्यवस्था पर सख्त रोक की मांग

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • शहर में आगामी होली और रंग पंचमी जैसे पर्वों को लेकर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में हिंदू उत्सवों के नाम पर आयोजित होने वाले कथित अश्लील, गैर-सांस्कृतिक एवं अव्यवस्थित कार्यक्रमों पर कड़ी रोक लगाने की मांग की गई है।

विहिप के प्रचार प्रसार प्रमुख देवा शर्मा ने बताया कि हिंदू त्योहारों की आड़ में फार्म हाउस, क्लब, होटल और रिजॉर्ट में आयोजित कुछ कार्यक्रमों में शराब, नशा और अभद्रता की शिकायतें मिलती रही हैं, जिससे शहर की सांस्कृतिक पहचान प्रभावित होती है। उन्होंने प्रशासन से सख्त दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की



**ज्ञापन में निम्नलिखित बिंदुओं को प्रमुखता से उठाया गया-**

- हिंदू उत्सवों के नाम पर किसी भी प्रकार के अश्लील या गैर-सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए।
- होली, रंग पंचमी या अन्य धार्मिक आयोजनों के नाम पर होने वाले कार्यक्रमों में शराब, मादक पदार्थ और मांसाहार परोसने पर सख्त रोक हो।
- फार्म हाउस, क्लब, रिजॉर्ट व होटल में होने वाले इवेंट के लिए पूर्व अनुमति अनिवार्य की जाए तथा प्रतिभागियों के पहचान दस्तावेजों का रिकॉर्ड आयोजनकर्ता और पुलिस के पास सुरक्षित रखा जाए।
- पूरे कार्यक्रम की वीडियो रिकॉर्डिंग कर सुरक्षित रखी जाए और इवेंट रजिस्टर अनिवार्य रूप से मेंटेन हो।
- कपल एंट्री के लिए अलग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।
- होली में केमिकल युक्त रंग, ऑयल पेंट, कोयला या अन्य हानिकारक पदार्थों के उपयोग पर कार्रवाई हो।
- आयोजन स्थलों पर धूम्रपान पूर्णतः प्रतिबंधित रहे और सिगरेट-बीड़ी की बिक्री पर रोक हो।
- निर्धारित क्षमता से अधिक लोगों को प्रवेश न दिया जाए।
- दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी पर सख्त कार्रवाई हो।
- तेज गति से वाहन चलाने वालों के वाहन जब्त किए जाएं।
- चलती गाड़ियों पर होली खेलने पर प्रतिबंध लागू किया जाए।
- हिंदू त्योहारों के नाम पर होने वाले कार्यक्रमों में 'गैर हिंदू व्यक्तियों को प्रवेश न देने' की मांग भी ज्ञापन में की गई।
- रंग पंचमी की परंपरागत 'गेर' के दौरान चाक-चौबंद पुलिस बंदोबस्त, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की पर्याप्त व्यवस्था की जाए।

### खाटू श्याम मंदिर पर रंगभरी आज भव्य श्रृंगार एवं भजन संध्या

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • साजन नगर नवलखा स्थित खाटू श्याम नर्मदेश्वर शिव मंदिर पर रंगभरी ग्यारस, 27 फरवरी को शाम 6 बजे से रंगारंग फाग महोत्सव मनाया जाएगा। मंदिर समिति के प्रमुख सुरेश रामपीपल्या एवं साजन नगर रहवासी संघ के अध्यक्ष सुजीत शर्मा ने बताया कि समाजसेवी विष्णु बिंदल, अरविन्द बागड़ी एवं राजेश बंसल के मार्गदर्शन में इस मौके पर भजन गायक सुनील शर्मा एवं उनके साथी मनोहारी भजनों की प्रस्तुतियां भी देंगे। मंदिर पर एकादशी के उपलक्ष्य में श्याम बाबा का भव्य एवं मनोहारी श्रृंगार कर 56 भोग भी समर्पित किए जाएँगे।

### पुतुल समारोह: कठपुतली कला का प्रदर्शन होगा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ एवं संस्कृति संचालनालय के आयोजन विक्रम उत्सव-2026 अंतर्गत 26 से 28 फरवरी तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से अभिरंग सभागार, कालिदास अकादमी में तीन दिवसीय पुतुल समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से आए कलाकार कठपुतली कला की विविध शैलियों की प्रस्तुतियां देंगे। प्रतिदिन दो प्रस्तुति होंगी। शोध पीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी ने बताया कि 26 फरवरी को दयाती लोककला संवर्धन अकादमी, पिंगुली (महाराष्ट्र) द्वारा 'सम्राट विक्रमादित्य' और स्फूर्ति थिएटर फॉर एजुकेशनल पपेट्री आर्ट एंड क्राफ्ट, हैदराबाद द्वारा 'भीम और बकासुर' (निर्देशन: पद्मिनी रंगराजन) की प्रस्तुति होगी।

### 'फाग' गीतों और पारंपरिक बंजारा नृत्य ढोल-मंजीरों की थाप पर थिरके लोग

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** • जिले के आदर्श ग्राम बोदरली में सकल बंजारा समाज द्वारा होली महोत्सव की तैयारियां पूरे उत्साह के साथ शुरू हो गई हैं। बंजारा समाज में होली का पर्व विशेष महत्व रखता है, इसलिए इसकी तैयारी लगभग एक माह पहले से ही प्रारंभ कर दी जाती है। बुधवार रात भी समाजजन एकत्रित होकर पारंपरिक गीतों और नृत्य का अभ्यास करते नजर आए। ढोल और मंजीरों की थाप पर फाल्गुन माह के पारंपरिक 'फाग' गीत गूंजे। युवाओं ने पारंपरिक वेशभूषा पहनकर सामूहिक नृत्य का अभ्यास किया, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। बुजुर्गों के मार्गदर्शन में नई पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक विरासत को सीखती और संजोती दिखी।

होली महोत्सव से पहले आयोजित इस तैयारी शिविर में ग्राम चिड़ियापानी (बोरगांव) से भी बंजारा समाज की एक विशेष टीम बोदरली पहुंची। दोनों गांवों के कलाकारों ने मिलकर लोकगीतों की प्रस्तुतियां दीं और सांस्कृतिक आदान-प्रदान किया। समाज के लोगों का कहना है कि उनके लिए होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि अपनी परंपराओं और जड़ों से जुड़ने का अवसर है। फाल्गुन के गीतों के माध्यम से समृद्धि और खुशहाली की कामना की जाती है। ग्रामवासियों ने बताया कि होली के मुख्य पर्व तक प्रतिदिन शाम इसी तरह सांस्कृतिक आयोजन होते रहेंगे, जिनमें आसपास के गांवों के लोग भी शामिल होंगे। आयोजन में पूरे गांव की भागीदारी आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक एकता का संदेश दे रही है।

सांध्य दैनिक इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ



डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर, गुरुद्वारे के सामने, इंदौर

संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

# सम्पादकीय

## भाईचारा ही लोकतंत्र की असली ताकत; फिल्म, बयान और विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट का सख्त संदेश

सवाल है कि किसी व्यक्ति या समुदाय को लक्ष्य कर बोलने की आजादी के तहत जो भी कहा जाता है, क्या कभी उसके आधार और असर को लेकर भी विचार करने की कोशिश की जाती है। भारत में लोकतंत्र की परंपरा बहुत मजबूत रही है और यहां नागरिकों को अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार संविधान के तहत मिला हुआ है। मगर इसके साथ ही कुछ जिम्मेदारियां भी अभिन्न हैं, जो आपस में मिल कर ही देश में सद्भाव और सहयोग पर आधारित समाज को जीवन देती हैं। विडंबना यह है कि कई बार अभिव्यक्ति की आजादी पर पूर्वाग्रह और महज धारणा पर आधारित राय हावी दिखती है और इसे किसी व्यक्ति या समुदाय को कठघरे में खड़ा करने का औजार बना लिया जाता है। अपनी प्रभावी संप्रेषण शक्ति और लोगों तक व्यापक पहुंच रखने वाले कला माध्यम के रूप में फिल्मों में अभिव्यक्ति के रचनात्मक पक्ष का इस्तेमाल करते हुए बड़े से बड़े प्रश्नों पर विचार किया जाता रहा है और इसे सभी स्तरों पर स्वीकार्यता भी मिलती रही है। मगर अफसोस की बात यह भी है कि इसी सुविधा का कई बार गलत फायदा भी उठाया जाता है। अभिव्यक्ति के नाम पर किसी फिल्म में परोसी गई कहानी के जरिए किसी समुदाय के बारे में गलत धारणा बनाने की कोशिश की जाती है। इसी तरह, कुछ नेता भी अपनी जिम्मेदारियों और सीमाओं को ताक पर रख कर बेहिचक ऐसे बयान देते हैं, जिससे अलग-अलग समुदायों के बीच द्वेष पैदा होता है। जबकि इसका नतीजा इस रूप में भी सामने आ सकता है कि अलग-अलग समुदायों के बीच सद्भावना आधारित संवाद या संबंध पीछे छूट जाए। जाहिर है, देश को इसके दूरगामी नुकसान हो सकते हैं। शायद यही वजह है कि हाल ही में अपने शीर्षक की वजह से विवाद के घेरे में आई एक फिल्म पर विचार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव के लिए भाईचारा जरूरी है। इस मामले में न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां ने अपने अलग फैसले में कहा कि सरकारी और गैरसरकारी सहित किसी भी जानी-मानी हस्ती और खासतौर पर ऊंचे संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के लिए भाषण, मीम, कार्टून या दृश्य माध्यमों के जरिए किसी भी समुदाय को बदनाम करना, उस पर धर्म, जाति, भाषा या क्षेत्र के आधार पर निशाना साधना संविधान का उल्लंघन है।

# भर्ती प्रक्रिया या राजस्व का साधन युवाओं का बड़ा सवाल

उम्मीदों के आसमान तले खड़ा भारत आज एक कड़वी हकीकत से जूझ रहा है—युवा शक्ति होने के बावजूद युवा ही सबसे अधिक असुरक्षित और आक्रोशित है। आंखों में सपने, हाथों में डिग्रियां और मन में अटूट विश्वास लिए करोड़ों अभ्यर्थी सरकारी नौकरी को अपने भविष्य की अंतिम सीढ़ी मानते हैं। परंतु जब बेरोज़गारी भयावह रूप ले चुकी हो, तब यह सपना संघर्ष में बदल जाता है। ऐसे निर्णायक समय में आम आदमी पार्टी के नेता, राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने भर्ती व्यवस्था की उस अनदेखी सच्चाई पर प्रहार किया है, जिस पर अब तक चुप्पी साधी गई थी। उनका सीधा प्रश्न है—जब एक पद के लिए लाखों आवेदन लेकर भारी परीक्षा शुल्क वसूला जाता है, तो असफल अभ्यर्थियों की फीस वापस क्यों नहीं की जाती? यह मुद्दा अब केवल पैसों का नहीं, बल्कि नैतिक जिम्मेदारी और संवेदनशील शासन का प्रश्न बन गया है।

यह प्रश्न किसी एक दिन की उपज नहीं, बल्कि वर्षों से भीतर ही भीतर धधक रहे युवाओं के आक्रोश की गूंज है। राघव चड्ढा ने उसी दबे दर्द को शब्द दिए हैं। आज देश में स्थिति ऐसी हो गई है कि कई सरकारी भर्तियों में कुछ ही पदों के लिए दस लाख से अधिक आवेदन आना भी सामान्य बात बन चुकी है। हर आवेदन के साथ 500 से 1500 रुपये तक शुल्क लिया जाता है, और जब इन आंकड़ों को जोड़ा जाता है तो एक भर्ती से सरकार को सैकड़ों करोड़ रुपये प्राप्त होते हैं, जबकि चयनित अभ्यर्थियों की संख्या नगण्य रहती है। बाकी लाखों युवा असफलता का भार लेकर लौटते हैं। वे केवल परीक्षा नहीं हारते, बल्कि अपना समय, धन और आत्मविश्वास भी गंवा बैठते हैं। ऐसे में यह संदेह स्वाभाविक है कि कहीं यह व्यवस्था युवाओं की विवशता को राजस्व के स्रोत में तो नहीं बदल रही।

परीक्षा शुल्क का उद्देश्य आयोजन की लागत—प्रश्नपत्र निर्माण, केंद्र प्रबंधन, पर्यवेक्षक मानदेय और मूल्यांकन—को पूरा करना होना चाहिए। परंतु वास्तविकता में एकत्रित राशि अक्सर इन खर्चों से कहीं अधिक होती है। कई बार परीक्षाएं रद्द होती हैं, पेपर लीक होते हैं या परिणामों में अनावश्यक देरी होती है, फिर भी अभ्यर्थियों को कोई राहत नहीं मिलती। मध्यम और निम्न वर्ग के छात्र परिवार की सीमित आय से यह शुल्क चुकाते हैं, जबकि कोचिंग, पुस्तकें,



आवास और यात्रा का अतिरिक्त बोझ अलग होता है। जब अंततः परिणाम निराशा देता है, तो यह केवल एक व्यक्ति की हार नहीं, बल्कि पूरे परिवार की आर्थिक पीड़ा बन जाती है। जब रोजगार के अवसर सीमित हों, तब संवेदनशील शासन की पहचान उसकी नीतियों से होती है। राघव चड्ढा का स्पष्ट मत है कि यदि सरकार पर्याप्त नौकरियां उपलब्ध नहीं करा पा रही, तो कम से कम परीक्षा शुल्क को न्यूनतम रखा जाए या असफल अभ्यर्थियों को आंशिक रिफंड दिया जाए। उनका तर्क है कि प्रतियोगी परीक्षा सफलता की गारंटी नहीं देती, इसलिए शुल्क को रोजगार का प्रवेश-पत्र मानकर वसूलना न्यायसंगत नहीं ठहराया जा सकता। यह विचार सीधे युवाओं की भावनाओं को अभिव्यक्ति देता है। आज लाखों अभ्यर्थी वर्षों तक तैयारी करते हैं, कई बार आयु सीमा भी पार कर जाते हैं और अंततः निराश होकर निजी या अस्थायी कार्य की ओर मुड़ते हैं। उनके लिए परीक्षा शुल्क महज रकम नहीं, बल्कि भविष्य में किया गया निवेश होता है। निस्संदेह, रिफंड व्यवस्था लागू करना सरल नहीं होगा। प्रशासनिक जटिलताएं, तकनीकी प्रबंधन और बजटीय प्रभाव जैसी चुनौतियां सामने आ सकती हैं। फिर भी समाधान संभव हैं। शुल्क को प्रतीकात्मक बनाया जा सकता है, एक पंजीकरण से कई परीक्षाओं में भागीदारी की सुविधा दी जा सकती है, या परीक्षा रद्द होने पर स्वतः रिफंड अनिवार्य किया जा सकता है। डिजिटल भुगतान और सत्यापन प्रणालियों के इस दौर में पारदर्शिता सुनिश्चित करना असंभव नहीं है। आवश्यकता केवल स्पष्ट नीति और ठोस इच्छाशक्ति की है, ताकि व्यवस्था अधिक न्यायपूर्ण बन सके।

यह प्रश्न केवल धनराशि का नहीं, बल्कि युवाओं के मनोबल और सामाजिक संतुलन का भी है। वर्षों की तैयारी, परिवार की उम्मीदें और समाज की अपेक्षाएं मिलकर अभ्यर्थियों पर गहरा मानसिक दबाव बनाती हैं। असफलता के बाद अनेक युवा निराशा और अवसाद से जूझते हैं, कुछ चरम कदम भी उठा लेते हैं। जब व्यवस्था उन्हें केवल आंकड़ों में बदल देती है, तो स्वाभाविक रूप से भीतर असंतोष जन्म लेता है। ऐसे समय में यदि सरकार संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाए और शुल्क नीति में सुधार करे, तो यह भरोसा पुनर्स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। इससे युवाओं को महसूस होगा कि उनकी मेहनत और संघर्ष को समझा जा रहा है। राघव चड्ढा द्वारा उठाया गया यह प्रश्न दलगत राजनीति से आगे बढ़कर सामाजिक चेतावनी का रूप ले चुका है। यह व्यवस्था को संकेत देता है कि केवल घोषणाएं पर्याप्त नहीं, बल्कि ठोस और व्यावहारिक सुधार आवश्यक हैं। भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, समयबद्धता और पर्याप्त पद सृजन अनिवार्य हैं। यदि सरकार युवाओं से शुल्क लेती है, तो उसे यह भी सुनिश्चित करना होगा कि पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष और प्रभावी हो। अन्यथा यही शुल्क अनजाने में अप्रत्यक्ष कर जैसा प्रतीत होने लगता है, जिसका भार उसी संघर्षरत वर्ग पर पड़ता है जो पहले से ही सीमित संसाधनों में भविष्य गढ़ने का प्रयास कर रहा है।

आज आवश्यकता है कि नीति-निर्माता इस उठती आवाज को केवल सुनें ही नहीं, उस पर ठोस निर्णय भी लें। बेरोज़गारी के इस दौर में युवाओं पर आर्थिक बोझ डालना अत्यंत संवेदनशील विषय है। यदि नौकरियां सीमित हैं, तो कम से कम अवसर की लागत अवश्य घटाई जानी चाहिए। परीक्षा शुल्क में सुधार, आंशिक रिफंड या नाममात्र शुल्क जैसी पहलें न केवल आर्थिक राहत देंगी, बल्कि व्यवस्था पर विश्वास भी मजबूत करेंगी। अंततः किसी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके युवा होते हैं। यदि उनके सपनों पर अनावश्यक आर्थिक दबाव डाला जाएगा, तो विकास की गति प्रभावित होगी। इसलिए आवश्यक है कि भर्ती प्रणाली अधिक न्यायपूर्ण, पारदर्शी और मानवीय बने—ताकि हर युवा महसूस कर सके कि व्यवस्था उसके साथ है, उसके खिलाफ नहीं।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत',**
बड़वानी (मप्र)

# एआई और डीपफेक सुरक्षा चेकलिस्ट: खुद को और परिवार को कैसे बचाएं?

सायबर ठग लोगों को ठगने के नए नए तरीके अपना रहे हैं, सबसे नया मामला डीपफेक वीडियो बनाकर फिरौती वसूलने का सामने आया है। जिसमें अपराधियों ने एक गुमशुदा बच्चे का असली प्रतीत होने वाला वीडियो बनाकर उसके माता पिता से वसूली कर ली। इस तरह की धोखाधड़ी से बचने के लिए आज के उन्नत तकनीक के दौर में सायबर फ्रॉड से बचने के लिए स्क्रीन लॉक या पासवर्ड बदलना काफी नहीं है। आपको अपनी डिजिटल आदतों में बदलाव करना होगा। यहाँ इससे बचाव से संबंधित सावधानी रखने के मुख्य बिंदु बताए गए हैं:

**डीपफेक वीडियो और वॉयस कॉल की पहचान कैसे करें?**
यदि आपको किसी परिचित का वीडियो कॉल या वॉयस मैसेज संदिग्ध लगे, तो इन सूक्ष्म संकेतों पर ध्यान दें:

**अप्राकृतिक पलकें झपकना:** कई एआई मॉडल अभी भी इंसान के पलक झपकने की प्राकृतिक लय को नहीं पकड़ पाते। अगर व्यक्ति बहुत कम या अजीब तरह से पलक झपका रहा है, तो सावधान हो जाएं।

**होठों का तालमेल ( लिप सिंक ):** ध्यान से देखें कि क्या आवाज़ और होठों का हिलना बिल्कुल सटीक है? अक्सर डीपफेक में थोड़ा सा 'लैग' होता है।

**चेहरे के किनारे:** अगर चेहरे और गर्दन के बीच की रेखा धुंधली दिखे या चेहरे के हिलने पर कान के पास की इमेज 'पिक्सेलेट' (तड़क रही) हो, तो वह एआई हो सकता है।

**अजीब आवाज़:** एआई वॉयस क्लोनिंग में भावनाएं (इमोशन) अक्सर सपाट होती हैं। अगर आवाज़ रोबोटिक या बिना उतार-चढ़ाव वाली लगे, तो तुरंत कॉल काट दें।

**'फैमिली सेफ्टी कोड' ( पारिवारिक सुरक्षा पासवर्ड ) बनाएं**
यह सबसे प्रभावी तरीका है। अपने परिवार के साथ एक 'सीक्रेट कोड' (जैसे कोई गुप्त शब्द या नंबर) तय करें। यदि कभी कोई आपातकालीन कॉल आए (जैसे- 'मैं मुसीबत में हूँ, पैसे भेज दो'), तो पहले उनसे वह 'सीक्रेट कोड' पूछें। एआई आपकी आवाज़ की नकल कर सकता है, लेकिन वह आपके परिवार के गुप्त समझौतों को नहीं जान सकता।

**सोशल मीडिया पर 'डिजिटल प्राइवेसी' का पालन करें**
तस्वीरों का सीमित उपयोग: सोशल मीडिया प्रोफाइल को 'प्राइवेट' रखें। अनजान लोगों को अपनी फोटो गैलरी तक पहुँच न दें।

**बच्चों की सुरक्षा:** बच्चों की तस्वीरें और स्कूल की जानकारी साझा करने से बचें। अपराधियों के लिए बच्चों के चेहरे को मॉर्फ करना सबसे आसान होता है।

**जियो-टैगिंग बंद करें:** फोटो डालते समय अपनी लोकेशन टैग न करें। इससे कोई भी आपकी दिनचर्या और आदतों का पता लगा सकता है।

वित्तीय लेनदेन में सावधानी
पुष्टि के बिना भुगतान नहीं:
यदि व्हाट्सएप पर कोई मित्र पैसे मांगे, तो उस मैसेज पर भरोसा न करें। उसे एक सामान्य फोन कॉल (न कि व्हाट्सएप कॉल) करें और पुष्टि करें।
ओटीपी सुरक्षा: याद रखें, एआई चाहे कितना भी स्मार्ट हो जाए, बिना आपकी गलती के वह आपके बैंक खाते से पैसे नहीं निकाल सकता। अपना ओटीपी कभी किसी को न दें।

**'पहले संदेह करें, फिर विश्वास करें'** - रिवर्स इमेज सर्च: अगर आपको कोई सनसनीखेज फोटो मिले, तो उसे गूगल के 'सर्च बॉय इमेज' विकल्प में डालकर चेक करें कि वह असली है या एआई जनित।
आधिकारिक स्रोत: किसी भी बड़ी खबर या सरकारी घोषणा के लिए केवल आधिकारिक न्यूज़ वेबसाइटों या सरकारी पोर्टल्स पर ही भरोसा करें।

**अंत में एक छोटा सा सुझाव:** आप इस चेकलिस्ट को अपने परिवार के सदस्यों को बताईए। जैसा कि उस कहावत में कहा गया है 'चेत चले तो काल न खाय' आपकी एक सतर्कता आपके पूरे परिवार को एक बड़े वित्तीय या मानसिक आघात से बचा सकती है।

**-राजकुमार जैन,** तकनीकी विशेषज्ञ

# आंचलिक

## किसानों ने कराया गेहूं खरीदी का पंजीयन, महेश्वर में 1154 और खरगोन में सबसे कम 36 रजिस्ट्रेशन हुए

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● जिले में रबी उपार्जन वर्ष 2026-27 के तहत समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए अब तक 4291 किसानों ने पंजीयन कराया है। जिले में इस बार 1.55 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं की फसल बोई गई है। प्रशासन का कहना है कि पंजीयन की प्रक्रिया लगातार जारी है और किसानों में अच्छा उत्साह देखा जा रहा है।

**2585 रुपए प्रति क्विंटल तय हुआ एमएसपी**- इस वर्ष सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। यह दर पिछले वर्ष की तुलना में 160 रुपये अधिक है। बढ़े हुए समर्थन मूल्य से किसानों को सीधा फायदा मिलने की उम्मीद है। ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया 7 फरवरी से शुरू हो चुकी है और 7 मार्च तक चलेगी। किसान निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन स्थानीय सेवा सहकारी संस्थाओं और कियोस्क सेंटरों के माध्यम से किया जा रहा है।

**70 खरीदी केंद्र बनाए गए**- जिला आपूर्ति अधिकारी एचएस मुवेल ने बताया कि जिले में गेहूं उपार्जन के लिए कुल 70 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं। सभी केंद्रों पर आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं ताकि खरीदी के दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

**पंजीयन के लिए जरूरी दस्तावेज**- किसानों को पंजीयन के लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक और चालू सीजन के पटवारी द्वारा सत्यापित गेहूं रकबा विवरण प्रस्तुत करना अनिवार्य है। बिना दस्तावेजों के पंजीयन मान्य नहीं होगा। पिछले 20 दिनों में हुए पंजीयनों में महेश्वर तहसील में सबसे ज्यादा 1154 किसानों ने पंजीकरण कराया है। वहीं खरगोन नगर तहसील में सबसे कम 36 किसानों ने पंजीयन कराया है। अन्य तहसीलों की बात करें तो बड़वाह में 735, सनावद में 572, भीकनगांव में 443, कसरावद में 402, गोगावां में 284, झिरन्या में 216, भगवानपुरा में 226, खरगोन तहसील में 143 और सेगांव में 80 किसानों ने अब तक पंजीयन कराया है। प्रशासन का कहना है कि अंतिम तिथि नजदीक आते-आते पंजीयन संख्या और बढ़ने की संभावना है। किसानों से समय रहते पंजीयन कराने की अपील की गई है ताकि खरीदी के समय किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

## रिश्वतखोर पटवारी को 3 साल की जेल, जमीन बंटवारे के लिए मांगे थे 10 हजार; कोर्ट ने 25 हजार का जुर्माना भी लगाया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● गुरुवार को स्पेशल कोर्ट (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) ने एक रिश्वतखोर पटवारी को 3 साल की सजा सुनाई है। जमीन के बंटवारे और नामांतरण के एवज में 10 हजार रुपए की रिश्वत मांगने वाले पटवारी चिंताराम पटेल को दोषी करार देते हुए कोर्ट ने उस पर 25 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। लोकायुक्त पुलिस ने उसे 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था, जिसके बाद अब कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर यह अंतिम फैसला सुनाया है। अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी हरिप्रसाद बांके के अनुसार, ग्राम जामलीकलां के रहने वाले शिकायतकर्ता राकेश सिंह मोर्य की जमीन उनके पिता के नाम पर थी। पिता इस जमीन का बंटवारा अपने दोनों बेटों के नाम करना चाहते थे। इसके लिए पंधाना के लोकसेवा केंद्र में बंटवारा, नामांतरण और पावती के संबंध में आवेदन दिया गया था। इसी काम को जल्दी कराने के नाम पर हल्का नंबर 50 के पटवारी चिंताराम पटेल (50 वर्ष, निवासी ग्राम बोरगांव खुर्द) ने 10 हजार रुपए की मांग की थी। आवेदन के बाद आरोपी पटवारी चिंताराम पटेल सीधे शिकायतकर्ता के घर पहुंच गया था। उसने पैसों की मांग करते हुए कहा था कि 'साहब अच्छे आए हैं, फटाफट काम कर देंगे।' इस पर शिकायतकर्ता ने आपत्ति जताते हुए कहा था कि नामांतरण और पावती के लिए कोई सरकारी शुल्क नहीं लगता है। लेकिन आरोपी पटवारी ने साफ कह दिया था कि बिना पैसे दिए यह काम नहीं होगा। आरोपी पटवारी इस काम के लिए 2500 रुपए की रिश्वत पहले ही ले चुका था और बाकी बचे 7500 रुपए की लगातार मांग कर रहा था। शिकायतकर्ता राकेश सिंह रिश्वत नहीं देना चाहते थे और पटवारी को रंगे हाथों पकड़वाना चाहते थे। इसी वजह से उन्होंने 20 सितंबर 2021 को इंदौर लोकायुक्त कार्यालय में मामले की शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. राजेश सहाय के निर्देशन में निरीक्षक सुनील उईके को इस मामले की जांच सौंपी गई। शिकायत के सत्यापन के बाद 27 सितंबर 2021 को लोकायुक्त टीम ने जाल बिछाया। टीम ने ग्राम जामली कला में कोहदड़ रोड स्थित श्रद्धा ट्रेडर्स के पास ट्रैप कार्रवाई करते हुए आरोपी पटवारी को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद विशेष पुलिस स्थापना, लोकायुक्त द्वारा प्रकरण दर्ज कर जांच पूरी की गई और विशेष न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया।

## टेमला से 500 ग्रामीण अयोध्या रवाना, श्रीराम संकीर्तन के 50 साल पूरे होने पर स्वर्ण जयंती



**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● जिले के टेमला गांव में श्रीराम नाम संकीर्तन के 50 वर्ष पूरे होने पर स्वर्ण जयंती वर्ष मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में गांव के 500 ग्रामीण अयोध्या धाम की पांच दिवसीय तीर्थ यात्रा पर रवाना हुए हैं। यात्रा से पहले बुधवार सुबह 5:30 बजे श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद प्रभातफेरी संकीर्तन यात्रा निकाली गई, जिसमें जोरदार आतिशबाजी की गई। झांझ-मंजीरा और मृदंग पर सत्संग करते हुए श्रद्धालुओं ने पूरे टेमला गांव का भ्रमण किया। इस यात्रा का नेतृत्व खरगोन विधायक और पूर्व कृषि मंत्री बालकृष्ण पाटीदार ने किया। यात्रा प्रारंभ से पहले श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। अयोध्या धाम में ये ग्रामीण रामलला, हनुमान गढ़ी और सरयू नदी के दर्शन करेंगे। यात्रा में शामिल 95% ग्रामीण पहली बार अयोध्या पहुंच रहे हैं। किशोरों, वयस्कों और बुजुर्गों सहित सभी आयु वर्ग के लोग इस यात्रा का हिस्सा हैं। वे अयोध्या के भव्य मंदिर की व्यवस्थाओं से भी परिचित होंगे।

## महाराष्ट्र से आकर पनडुब्बी मोटर चुराने वाले दो गिरफ्तार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● पुलिस ने खेतों से पनडुब्बी मोटर और केबल वायर चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी महाराष्ट्र से आकर मध्य प्रदेश के बुरहानपुर जिले में चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। पुलिस तीसरे फरार आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति चोरी की पनडुब्बी और केबल वायर बाइक पर ले जा रहे हैं। इस सूचना पर देड़तलाई पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को पकड़ा। 23 फरवरी को देड़तलाई निवासी अनिल पिता चिंताराम मार्को ने अपने खेत से पानी की पनडुब्बी और केबल वायर चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। गुरुवार को पुलिस ने शेखपुरा से देड़तलाई की ओर आ रहे विजय उर्फ गोलू पिता बलिराम कास्डेकर और मांगीलाल उर्फ नीतू पिता गोमा चतुरकर को पकड़ा।

## इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर फंसे वाहन; ताप्ती नदी एरिया में मरम्मत चल रही



**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर गुरुवार दोपहर 3 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। शिकारपुरा थाने से पुराने शाहपुर बैरियर तक फैले इस जाम में सैकड़ों वाहन दो घंटे तक फंसे रहे। हाईवे और ताप्ती नदी पर चल रहे मरम्मत कार्य के कारण यह स्थिति बनी। जाम के कारण छोटे-बड़े वाहनों के साथ पैदल यात्रियों को भी आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। ताप्ती पुलिया पर भी वाहनों की लंबी कतारें देखी गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर करीब 2 बजे जाम लगना शुरू हुआ और लगभग दो घंटे बाद खुल सका। इस दौरान वाहन धीमी गति से आगे बढ़ रहे थे। यह मार्ग मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के बीच एक प्रमुख संपर्क मार्ग है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में छोटे, बड़े और ओवरलोड वाहन इस रास्ते से दोनों राज्यों के बीच आवागमन करते हैं। शाहपुर और इच्छापुर की ओर जाने वाले वाहनों के लिए भी यह मुख्य मार्ग है।

## जनपद का पुराना भवन तोड़ने का विरोध



**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● जनपद पंचायत के वर्तमान भवन को तोड़कर नए भवन निर्माण की प्रस्तावित कार्रवाई का विरोध शुरू हो गया है। जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष एवं कुछ सदस्यों ने इस निर्णय पर आपत्ति जताते हुए कलेक्टर को आवेदन सौंपकर पुराने भवन को यथावत रखने की मांग की है। उपाध्यक्ष मदनलाल तिरोले ने कहा कि वे नए भवन निर्माण के विरोध में नहीं हैं, लेकिन अच्छी स्थिति में मौजूद पुराने भवन को तोड़ना उचित नहीं है। उनका कहना है कि पिछले दो वर्षों में भवन के मरम्मत कार्य पर लगभग 15 से 20 लाख रुपए खर्च किए जा चुके हैं। ऐसे में इसे ध्वस्त करना सार्वजनिक धन की बर्बादी होगी। उपाध्यक्ष व सदस्यों ने कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि पुराने भवन को डिस्मेंटल न किया जाए और नया भवन ग्राम नहाल्दा में बनवाने पर विचार किया जाए। कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्य धर्मेंद्र साकल्ले और निर्माण समिति अध्यक्ष ने भी आपत्ति जताई हैं।

आवेदन में उल्लेख किया गया है कि वर्तमान परिसर में पर्याप्त भूमि उपलब्ध नहीं है। यदि इसी स्थान पर नया भवन बनाया जाता है तो भविष्य में पार्किंग और आवागमन की समस्या खड़ी हो सकती है, जिससे ग्रामीण अंचल से आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

जनप्रतिनिधियों ने सुझाव दिया है कि नया भवन शहरी क्षेत्र में न बनाकर समीपस्थ ग्राम नहाल्दा की शासकीय भूमि पर बनाया जाए, जहां पर्याप्त स्थान उपलब्ध है। उनका तर्क है कि जनपद पंचायत ग्रामीण क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती है, इसलिए भवन भी ग्रामीण सीमा में होना जनहित में अधिक उपयुक्त रहेगा। आवेदन में यह भी कहा गया है कि आगामी वर्षों में पंचायत चुनाव प्रस्तावित हैं और नए भवन के निर्माण में दो से तीन वर्ष का समय लग सकता है। इस दौरान यदि पुराना भवन तोड़ दिया जाता है तो चुनावी प्रक्रिया और जनसुनवाई कार्य प्रभावित हो सकते हैं।

न्यूज ब्रीफ

## चना पंजीयन हेतु बनाये गए 61 पंजीयन केन्द्र, 16 मार्च तक होगा पंजीयन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए इंदौर जिले में चना उपार्जन के लिये किसान अपनी फसल का पंजीयन आगामी 16 मार्च तक करा सकते हैं। चना उपार्जन के लिए पंजीयन विगत 20 फरवरी से प्रारंभ हो गए हैं। जिले में चना पंजीयन के लिए पर्यवेक्षण एवं मॉनिटरिंग एवं नियंत्रण के लिए जिला स्तरीय उपार्जन प्रशासकीय समिति का गठन किया गया है। इस समिति में अध्यक्ष सहित कुल 11 सदस्यों को शामिल किया गया है। समिति के अध्यक्ष कलेक्टर श्री शिवम वर्मा है। अपर कलेक्टर श्री रोशन राय ने बताया कि जिले में किसानों की सुविधा के लिए पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनायी गई है। जिले की देपालपुर तहसील में सर्वाधिक 26 पंजीयन केन्द्र बनाये गए हैं। इसी तरह सांवेर में 14 और हातोद में 8 केन्द्र, डॉ. अम्बेडकर नगर (महू) में 5, खुडेल में 3, बिचौली हप्सी और कनाड़िया तहसील में दो-दो तथा मल्हारगंज तहसील में एक पंजीयन केन्द्र बनाया गया है।

## इंदौर की ऋद्धि सेन ने खजुराहो बाल नृत्य महोत्सव में बढ़ाया शहर का नाम

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय खजुराहो नृत्य महोत्सव के तहत आयोजित राष्ट्रीय बाल नृत्य महोत्सव इंदौर की 11 वर्षीय ऋद्धि सेना ने शामिल होकर शहर का गौरव बढ़ाया है । यह आयोजन मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग का प्रतिष्ठीत आयोजन है । जिसमें शहर की 11 वर्षीय ऋद्धि सेन को अपनी कथक नृत्य प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया गया था। ऋद्धि पद्मश्री डॉ पुरु दाधीच एवं केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार विजेता डॉ विभा दाधीच जी द्वारा स्थापित नटवरी कथक नृत्य अकादमी में प्रख्यात नृत्यांगना हर्षिता दाधीच से कथक नृत्य की दाधीच शैली में नृत्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

# गांधी भवन मारपीट-पथराव का मामला, फुटेज देने की बात

## जो हंगामे के दौरान मौजूद नहीं थे उनके खिलाफ भी दर्ज किया गया प्रकरण...

■ कांग्रेस ने पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा मामले को कोर्ट में ले जाएंगे

■ पुलिस ने कहा फुटेज के आधार पर आरोपियों के खिलाफ दर्ज होगा केस

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● गांधी भवन पर कांग्रेस और भाजपा जनों के बीच हुई पथराव और मारपीट को लेकर पंढरीनाथ पुलिस ने दोनों गुटों के खिलाफ केस दर्ज किए हैं। कांग्रेसजनों का कहना है कि उसमें कुछ ऐसे लोगों के नाम पर भी केस दर्ज किया गया है जो स्पाट पर मौजूद ही नहीं थे। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने पक्षपात पूर्ण तरीके से कांग्रेस जनों के खिलाफ तो नामजद केस दर्ज किया है जबकि भाजपा जनों के मामले में अज्ञात पर केस दर्ज किया है। कांग्रेस ने मामले को कोर्ट में ले जाने की चेतावनी दी है। दूसरी ओर पुलिस का कहना है कि इस मामले में फुटेज से जांच की जा रही है, पुलिस ने कार्रवाई में किसी का पक्षपात नहीं किया है। शनिवार को कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन के बाहर पथराव की घटना हुई थी उस मामले में कांग्रेस और भाजपा आमने सामने हुई थी और दोनों ही दलों ने रिपोर्ट भी



दर्ज की थी जबकि युवा मोर्चा ने पहले ही प्रदर्शन की घोषणा की थी। कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे का कहना है कि पुलिस ने अगर रिपोर्ट नामदर्ज नहीं की तो वे पूरे फुटेज के साथ न्यायालय जाएंगे। 20 कांग्रेसियों पर नामजद रिपोर्ट दर्ज हुई है उसमें से कुछ कांग्रेसियों के बाहर होने और उस समय गांधी भवन के बाहर मौजूद नहीं होने के प्रमाण भी पुलिस को सौंपने की बात कही है।

### अलग-अलग वीडियो फुटेज के माध्यम से अब पूछताछ

पुलिस अलग अलग वीडियो फुटेज के माध्यम से अब पूछताछ कर जांच भी कर रही है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ओर से पुलिस को वीडियो और फोटो दिए गए हैं। मीडिया में जो फोटो प्रकाशित हुए हैं उस को भी पुलिस आधार बना रही है। घटना स्थल क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज भी पुलिस ने निकलवाए हैं। अब पुलिस कांग्रेस के न्यायालय जाने के पूर्व सारे फुटेज निकालकर कार्रवाई करना चाहती है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि कोई भी निर्दोष नहीं फंसे। 4 से 5 नेताओं ने कहा कि वे गांधी भवन पर हुए हंगामे के दौरान मौजूद नहीं थे। अब पुलिस सारे प्रमाण जुटा रही है और संभावना है कि जो लोग मौजूद नहीं थे उनके नाम हटा दिए जाएंगे। अभी तक भाजपाइयों पर नामजद प्रकरण की जगह अज्ञात पर ही रिपोर्ट दर्ज है।

सीएम मोहन यादव ने खुद किया खुलासा

# संतोष वर्मा कैसे बने आईएएस ?

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● प्रमोटी आईएएस संतोष वर्मा फिर विवादों में हैं। ब्राह्मण पर टिप्पणी के बाद उनकी पुरानी फाइल खुल चुकी है। विधानसभा में सवाल उठे हैं कि वह आईएएस कैसे बने। सीएम मोहन यादव ने उनके प्रमोशन, कोर्ट के आदेश और जांच पर स्थिति साफ की है। मध्य प्रदेश के प्रमोटी आईएएस संतोष वर्मा का ये मामला उनके प्रमोशन और पुराने केस से जुड़ा है। एमपी विधानसभा में भी अब यह मुद्दा उठ गया है। इस पर खुद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जवाब दिया है।

**कटारे ने संतोष वर्मा पर यह मांगी थी जानकारी**-अटेर से कांग्रेस विधायक हेमंत कटारे ने इस संबंध में सवाल लगाए थे। इसमें वर्मा पर न्यायाधीश विजेंद्र सिंह रावत के जरिए कराई गई एफआईआर की जानकारी मांगी गई थी। साथ ही पूछा गया था कि साल 2020 में वर्मा कैसे प्रमोट हुए और क्या सर्टिफिकेट लगाए गए थे। यह कूटरचित सर्टिफिकेट थे तो इसमें क्या हुआ था।

कटारे ने बताया था कि इस संबंध में फरियादी ने अप्रैल 2021 में सीएस को शिकायत की थी।





### वर्मा को जांच के आधार पर गिरफ्तार किया था

सीएम ने इस मामले में बताया कि पीड़ित फरियादी महिला ने इस आदेश की कॉपी गलत होने की सूचना अप्रैल 2021 में मुख्य सचिव, शासन को दी थी। इस पर पुलिस ने जांच की थी। प्रारंभिक जांच के आधार पर 10 जुलाई 2021 को उन्हें गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद उन्हें 13 जुलाई 2021 को निलंबित भी किया गया था। अगस्त 2021 में आरोप पत्र देकर विभागीय जांच बैठाई गई थी। इस संबंध में आगे कार्रवाई के लिए केंद्र को पत्र भेजा गया है।

साथ ही पूछा कि, आईजी इंदौर से जांच कराई गई तो फिर क्या हुआ था। जब सर्टिफिकेट फर्जी है तो फिर सरकार ने वर्मा पर केस क्यों नहीं कराया।

**सीएम ने बताया ऐसे संतोष वर्मा हुए आईएएस**-इस मुद्दे पर सीएम मोहन यादव ने बताया कि 6 अक्टूबर 2020 को कोर्ट ने वर्मा के दोषमुक्त होने का आदेश जारी किया था। वर्मा ने इसे डीपीसी में दिया था। इस आदेश की कॉपी एडीजी इंदौर को भेजकर जानकारी मांगी गई थी। इंदौर आईजी ने 16 अक्टूबर 2020 को इस पर जिला लोक अभियोजन अधिकारी से अभिमत (राय) लिया था। इस अभिमत में दोषमुक्ति आदेश सही होने की बात कही गई थी। साथ ही, इस आदेश के खिलाफ उच्च कोर्ट में अपील करने का आधार नहीं होने की बात कही गई थी। इसके आधार पर उन्हें आईएएस पर पदोन्नत किया गया और आईएएस अवार्ड हुआ था।

**यह है पूरा विवाद**-संतोष वर्मा पर फरियादी ने महिला संबंधी आरोप लगाए थे। इस पर इंदौर के लसूड़िया थाने में साल 2016 में केस दर्ज हुआ था। बाद में इस केस की सुनवाई कोर्ट में शुरू हुई थी। इसमें अक्टूबर 2020 में न्यायाधीश रावत की कोर्ट के दो आदेश सामने आए थे। पहले केस में पीड़िता और वर्मा के खिलाफ राजीनामा की बात थी और दूसरे आदेश में वर्मा को दोषमुक्त बताया गया था। बाद में न्यायाधीश रावत ने एमजी रोड थाने में अज्ञात पर फर्जी कोर्ट आदेश बनाने का केस दर्ज कराया था। वहीं कोर्ट के अक्टूबर 2020 के आदेश के आधार पर वर्मा प्रमोट होकर आईएएस बन गए थे। ब्राह्मण पर की गई टिप्पणी के बाद संतोष वर्मा फिर विवादों में आ गए थे। अब उनकी पुरानी फाइल भी सामने आ गई है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। वहीं, कोर्ट ने वर्मा को उनके हस्ताक्षर का नमूना देने के आदेश दिए हैं। इसके पीछे शक है कि वर्मा ने ही फर्जी कोर्ट आदेश तैयार किए हो सकते हैं। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया है कि वर्मा और न्यायाधीश रावत के बीच कई बार बातचीत हुई थी। दोनों के बीच अच्छी जान-पहचान थी। पुलिस मामले की पूरी छानबीन कर रही है।

# संभाग के सबसे बड़े अस्पताल में 45 मिनट गुल रही बिजली



### टॉर्च की रोशनी में किया मरीजों का इलाज, जनरेटर में तेल तक नहीं था

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** ● संभाग के सबसे बड़े चरक अस्पताल (जिला अस्पताल) में गुरुवार सुबह अचानक बिजली गुल हो गई। करीब 45 मिनट तक अंधेरे के हालात बने रहे। विडंबना यह रही कि जनरेटर में डीजल भी नहीं था। इसके बाद ताबड़तोड़ जनरेटर में 50 लीटर डीजल डाला गया, तब अस्पताल में रोशनी हुई। इतनी देर डॉक्टरों ने मोबाइल और टॉर्च हाथ में लेकर इलाज किया।

गुरुवार सुबह करीब 6 बजे विद्युत की मेन लाइन में फाल्ट हो गया था। इससे बिजली गुल हो गई। इससे मरीजों के बीच अफरा-तफरी मच गई। करीब 45 मिनट तक यही हालात बने रहे। बताया जाता है कि अस्पताल के विद्युत नियंत्रण कक्ष में जो जनरेटर लगे हैं, उसके टैंक की क्षमता 150 लीटर डीजल की है। लेकिन उसमें डीजल ही नहीं था। अस्साल प्रबंधन के पास राशि नहीं होने से 45 मिनट तक मरीजों को अंधेरे में ही रहना पड़ा।

### लिफ्ट भी बंद रहीं

बिजली गुल होने से अस्ताल की सभी लिफ्ट बंद रहीं। इससे गर्भवती महिलाओं और हड्डी के मरीजों को परेशानी हुई। चरक अस्पताल की 10 में से 3 लिफ्ट ही चालू हैं, बाकी खराब पड़ी हैं। आए दिन यहां की लिफ्ट खराब रहती हैं। कईबार अधिकारियों ने दौरा भी किया लेकिन अस्पताल की व्यवस्था में खास सुधार नहीं देखा गया है।

होली-रंग पंचमी को लेकर निगम अलर्ट जर्जर भवनों पर सख्ती

# आयुक्त के एक्शन बोलते ही किया जर्जर मकान को जमींदोज

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● आगामी होली एवं रंग पंचमी पर्व को दृष्टिगत रखते हुए इंदौर नगर निगम ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने सभी जोनल अधिकारियों, भवन अधिकारियों तथा संबंधित विभागों को सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा है कि त्यौहारों के दौरान नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। आयुक्त ने निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक जोन में विशेष सर्वे अभियान चलाकर जर्जर एवं क्षतिग्रस्त भवनों की पहचान की जाए। चिन्हित भवनों की सूची तैयार करें। आयुक्त के एक्शन में आते ही नगर निगम ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए जोन क्रमांक 02, वार्ड क्रमांक 69 में जर्जर मकान को जमींदोज कर दिया।

**विद्युत तारों और केबल का विशेष निरीक्षण:** आयुक्त ने निगम के विद्युत विभाग को मध्य प्रदेश विद्युत मंडल के साथ समन्वय स्थापित कर शहरभर में अव्यवस्थित केबल वायर, तारों के गुच्छे और नीचे लटके विद्युत तारों का सर्वे करने को कहा है। जहां कहीं भी दुर्घटना की आशंका हो-तारों को व्यवस्थित किया जाए, आवश्यकतानुसार ऊंचाई बढ़ाई जाए, सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित



किया जाए। त्यौहारों के दौरान रंग, पानी और भीड़ के कारण विद्युत जोखिम बढ़ जाता है, ऐसे में संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

जनकार्य (वर्कशॉप), जल प्रदाय, रिमूवल शाखा एवं सभी जोन को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। सड़कों के गड्ढों का समतलीकरण, जल आपूर्ति की निरंतरता, कचरा संग्रहण की नियमितता, अतिरिक्त मशीनरी व संसाधनों की उपलब्धता, इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम की तैनाती, इन सभी बिंदुओं पर विशेष कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया है। आयुक्त क्षितिज सिंघल ने स्पष्ट किया कि होली और रंग पंचमी जैसे पारंपरिक पों पर सुरक्षा, स्वच्छता और यातायात व्यवस्था में किसी भी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए।

# एमआर-10 से रेडिसन तक की सड़कों का होगा कायाकल्प

इंदौर मेट्रो कॉरिडोर-2.65 करोड़ की योजना को मिली हरी झंडी, जल्द शुरू होगा निर्माण

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मेट्रो निर्माण के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों से जल्द ही शहरवासियों को निजात मिलने वाली है। नगर निगम के जनकार्य प्रभारी राजेंद्र राठौर ने गुरुवार को मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन और निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एमआर-10 ब्रिज से रेडिसन चौराहे तक के मार्ग का विस्तृत संयुक्त निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 33 एवं 22 अंतर्गत सुखलिया क्षेत्र के मुख्य मार्ग एवं सर्विस रोड की वर्तमान स्थिति का अवलोकन किया गया। मेट्रो कॉरिडोर निर्माण कार्य के चलते इन मार्गों पर यातायात दबाव बढ़ने तथा सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण आमजन को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए मार्ग के नवीन निर्माण के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

पहले चरण के लिए 58 लाख लाख स्वीकृत: जनकार्य प्रभारी राठौर ने बताया कि नगर निगम



द्वारा उक्त मार्ग एवं सर्विस रोड के नव निर्माण के लिए 2.65 करोड़ रुपये की विस्तृत कार्ययोजना बनाकर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन को प्रेषित की गई थी। इस प्रस्ताव के अंतर्गत अब तक 58 लाख रुपये की राशि की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। शेष राशि की स्वीकृति की प्रक्रिया में है। दोनों विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करते हुए यह निर्णय लिया गया कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए सहमति से शीघ्र कार्य प्रारंभ किया जाएगा। कार्य के दौरान गुणवत्ता, समयबद्धता एवं यातायात प्रबंधन का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि नागरिकों को सुविधा हो। निरीक्षण के दौरान मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के महाप्रबंधक रणवीर राजपूत, अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर सहित जोन क्रमांक 5, 6, 7 एवं 17 के जोनल अधिकारीगण उपस्थित थे। दोनों विभागों ने आपसी सहमति से तय किया है कि जनहित में निर्माण कार्य बिना किसी देरी के शुरू किया जाएगा ताकि नागरिकों का आवागमन सुगम हो सके।

# जिला अस्पताल की मर्चुरी में शवों को नहीं मिल रहा सुकून, फ्रिज खराब

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● जिला अस्पताल की मर्चुरी में पिछले दस वर्षों से रखा शीतकक्ष (फ्रिज) खराब पड़ा है। इसका खामियाजा अब उन लावारिस शवों को भी भुगतना पड़ रहा है, जिन्हें मृत्यु के बाद सम्मानजनक संरक्षण मिलना चाहिए। हाल ही में सामने आई एक घटना ने व्यवस्था की संवेदनहीनता को उजागर कर दिया। तीन दिन पूर्व छत्रीपुरा थाना क्षेत्र से लगभग 32 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव जिला अस्पताल लाया गया था। परिजनों का पता नहीं चल सका, इसलिए शव मर्चुरी में ही रखा गया। जब एक सामाजिक संस्था अंतिम संस्कार के लिए शव लेने पहुंची तो वहां का दृश्य देख सभी का दिल दहल गया। फ्रिज खराब होने के कारण शव पूरी तरह सड़-गल चुका था। तेज दुर्गंध के बीच शरीर से रक्तस्राव हो रहा था। जिस वाहन में शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया, वह भी खून से भर गया। उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गईं। यह दृश्य केवल एक प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना पर भी प्रश्नचिह्न था। अस्पताल परिसर में चर्चा है कि मर्चुरी के उपकरण लंबे समय से दुरुस्त नहीं किए गए। सवाल उठ रहा है कि क्या मृत्यु के बाद भी किसी को सम्मान और शांति नसीब नहीं होगी? इस संबंध में सिविल सर्जन से बात करनी चाहिए, पर उनसे संपर्क नहीं हो सका।

# इंदौर में कैसे चल रहा है हवा में लटकता रेस्टोरेंट, हाईकोर्ट ने अनुमति पर उठाए सवाल, मांगा जवाब

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● अवैध ऊबुद हवाई रेस्टोरेंट में शराब और मांस परोसने के मामले पर हाईकोर्ट सख्त है। कोर्ट ने नगर निगम की दलीलों के बाद सभी पक्षों को नोटिस जारी किया है। बिना सुरक्षा और अनुमति के चल रहे इस रेस्टोरेंट पर 10 मार्च को अगली सुनवाई होगी।

इंदौर बायपास पर क्रेन से 150 फीट ऊपर हवा में ऊबुद हवाई रेस्टोरेंट चलाया जा रहा है। इंदौर नगर निगम ने कोर्ट में स्वीकार किया कि उन्होंने इसकी कोई अनुमति नहीं दी है। हाईकोर्ट ने इस मामले में जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए नोटिस जारी किए। आरोप है कि यहाँ बिना सुरक्षा इंतजामों के शराब और मांस परोसा जा रहा है। मामले की अगली सुनवाई अब 10 मार्च 2026 को तय की गई है।

इंदौर के बायपास पर फ्लाई डाइनिंग नाम का ऊबुद हवाई रेस्टोरेंट लोगों को क्रेन से 150 फीट ऊपर ले जाता है। इस ऊंचाई पर लोगों को खाना और शराब परोसी जा रही है। सुरक्षा के नाम पर यहां सिर्फ लापरवाही नजर आ रही है। अब इस मामले में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में आज सुनवाई हुई तो सभी को नोटिस जारी किया है।



**हाईकोर्ट में हुई तीखी बहस**-याचिकाकर्ता चर्चित शास्त्री की जनहित याचिका पर जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की बेंच ने सुनवाई की। नगर निगम के वकील शशांक श्रीवास्तव ने कोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा किया। उन्होंने बताया कि निगम ने इस रेस्टोरेंट को कोई अनुमति नहीं दी है। संचालकों को नवंबर 2025 में नोटिस भी दिया गया था, लेकिन उन्होंने रेस्टोरेंट बंद नहीं किया। कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख 10 मार्च तय की है। कानून के जानकारों का कहना है कि ऐसे मामलों में बीएनएस की धारा 125 और 125क (जान जोखिम में डालना) के तहत कार्रवाई हो सकती है। अगर प्रशासन ने समय रहते इसे बंद नहीं कराया तो इंदौर को एक बड़ी त्रासदी का सामना करना पड़ सकता है। हाई कोर्ट की डबल बेंच ने इस मामले में लगी जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सभी संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया है।

### आसमान में शराब और क्रेन का खेल

याचिकाकर्ता के वकीलों ने कोर्ट को बताया कि क्रेन का इस्तेमाल माल ढोने के लिए होता है। यहां एक साथ 30 से ज्यादा लोगों को क्रेन के जरिए आसमान में लटकाया जा रहा है। इतनी ऊंचाई पर शराब परोसना किसी बड़े हादसे को खुला निमंत्रण है। अगर क्रेन में कोई तकनीकी खराबी आई तो दर्जनों लोगों की जान पल भर में जा सकती है।

### सूरत जैसे हादसे का डर

साल 2023 में सूरत के डेल्टो रेस्टोरेंट में ऐसा ही झूला गिरने से बड़ा हादसा हुआ था। इंदौर के इस रेस्टोरेंट के पास न तो फायर सेफ्टी की एनओसी है और न ही वैध परमिट। इसके बावजूद सोशल मीडिया पर इसका जमकर प्रचार किया जा रहा है। कोर्ट ने अब सभी पक्षों को अपना जवाब पेश करने के लिए नोटिस जारी किया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।